## टाटीझरिया में हुई 22 के उमरिया खोरठा गाने की शूटिंग



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** एसके चंद्रिका म्यूजिक चैनल के बैनर तले 22 के उमरिया खोरठा गीत अलबम की शूटिंग टाटीझरिया के अमनारी, बौधा, दूधमटिया और आसपास के क्षेत्रों में की गई। इसमें स्थानीय कलाकार मुरूमातु निवासी मोहित दिलवाला व जमुआ-गिरिडीह निवासी नीतू राव मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। वहीं टाटीझरिया निवासी राजू यादव पहली बार अलबम में भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस खोरठा गीत के लिए आवाज दी है चानो-विष्णुगढ के रहने वाले चंद्रिका कुमार और साथी प्रकाश दीवाना ने। कैमरामैन की भूमिका परमेश्वर पंडित ने निभाई है। अलबम के गायक चंद्रिका कुमार व एक्टर मोहित दिलवाला ने बताया कि बहुत जल्द यह वीडियो एसके चंद्रिका म्यूजिक यूट्यूब चैनल पर आने वाला है। इस अलबम को बनाने में प्रकाश, राकेश, वीरू, एसके पटेल, उमेश, तालेश्वर बेदर्दी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## छवानिया गांव में बिजली की चपेट में आये घायल व्यक्तियों से मिलने रिम्स पहुंचे रोशनलाल चौधरी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के छवानिया गांव में ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के गाड़ी पर 11000 बिजली तार की चपेट में आने से मौके पर एक कि मौत व 8 घायल हो गए थे। जिसमे चार घायलो का इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज के लिए पहुँचा। जिसका सूचना मिलते ही आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी घायलों एवं उनके परिजनों से मिलने रिम्स पहुंचे ।जहाँ उन्होने घायलों के बेहतर इलाज हेतू रिम्स के संबंधित अधिकारियों एवम डॉक्टर्स से मिलकर बात की।मौके पर रोशनलाल चौधरी ने कहा की घटना अत्यंत दुःखद है। मामला सरकारी उदासीनता का है।बिजली संचार में उपयोग होने वाली उपकरणों की निरंतर निरीक्षण कर उनकी मरम्मत होनी चाहिए। राज्य सरकार अविलंब घायलों को मुआवजा दे। आगे उन्होंने कहा कि मृतक व घायल परिवारों के साथ में मैं और आजसू पार्टी हमेशा खड़ा रहेगा।

## बड़कागांव पूर्वी पैक्स में किसानों के रजिस्ट्रेशन के लिए प्रचार वाहन रवाना



**बडकागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव पूर्वी पैक्स के माध्यम से सीधे किसान की सब्जी व फल की खरीदारी करेगा और बाजार भाव से अधिक मूल्य पर किसानों के खाते में रुपए भेजे जाएंगे इसके लिए किसानों का रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा जिसकी शुरूआत 10 अक्टूबर से शुरू किया गया है इसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर गांव में प्रचार प्रसार के लिए आज पैक्स अध्यक्ष संजय कुमार एवं अन्य सदस्यों ने प्रचार वाहन को गांव में भेज कर किसानों का रजिस्ट्रेशन का कार्य प्रारंभ किया गया है । जिन किसानों का रजिस्ट्रेशन होना है वह किसान आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो लगान रसीद देना अनिवार्य होगा । इस अवसर पर पूर्व पैक्स अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड के किसानों को पैक्स के माध्यम से सब्जी लिया जाएगा और बाजार दर से उनका भुगतान उनके खाते में किया जाएगा। इसके लिए आज पूजा अर्चना कर प्रचार वाहन को गांव में भेजा गया है। जब किसानों का रजिस्ट्रेशन का कार्य पूरा हो जाएगा तब सब्जी एवं फल की खरीद बिक्री का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष संजय कुमार, प्रबंधन समिति के कार्यकारिणी सदस्य संदीप कुशवाहा, जय शंकर मेहता, शिव शंकर कुमार उर्फ शिबू मेहता पूर्व पैक्स अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता, धूपन महतो, संतोष कुमार, बीगल किशोर महतो, सोहन महतो, डालेश्वरी देवी, मंजू देवी, शारदा देवी, पार्वती देवी, तारा देवी, रीना देवी, गोपाल कुमार, प्रकाश कुमार, वीरेंद्र कुमार, नागेश्वर कुमार, कैलाश कुमार, निखिल कुमार, सरोज कुमार, सत्यजीत विद्या अलंकार सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## मांगों को लेकर सहिया दीदियों ने धरना प्रदर्शन किया

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य सहिया संघ के आह्वान पर विष्णुगढ़ में भी सहिया दीदियों ने विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से अपनी आठ सूत्री माँगो को लेकर सात मील मोड़ तक रैली निकाली, सात मील मोड़ से वापस आकर विष्णुगढ़ सी०एच०सी मैदान में धरने पर बैठ गई । सहिया संघ ने अपनी आठ सूत्री माँगो के तहत मुख्यमंत्री से माँग किया कि सहिया साथी को न्यूनतम मजदूरी के अनुसार 18,000 ? मासिक वेतन देते हुए 30 दिनों का कार्यदिवस घोषित किया जाय सहिया का मासिक मानदेय 12,000 किया जाय , डेटा एंट्री के लिए सभी सहिया को मोबाइल एवं मोबाइल खर्च भत्ता दिया जाय , साल में दो बार पोशाक भत्ता दिया जाय जो सहिया 10 वर्षो से कार्यरत है, उन्हें अनुबंध कर्मी घोषित किया जाय,कोविड के समय की बकाया राशि का अविलंब भुगतान किया जाय , सहियाओं की तृतीय मासिक ग्रेडिंग बंद की जाय,सहिया साथियों का अप्रैजल ना किया जाय । उपर्युक्त माँगो को लेकर धरने पर बैठी सहियाओं ने झारखंड सरकार से कहा कि, माँगे नही माने जाने पर सहिया संघ आगामी 16 अक्टूबर को राँची में धरना देने पर विवश होगी । मौके पर सहिया संघ अध्यक्ष सीमा देवी, सचिव मंजू देवी, सहिया साथी पिंकी चौरसिया, स्नेहलता सिन्हा, अंजू देवी, वीणा देवी, सुरैया खातुन, पूनम देवी, स्वाति देवी समेत सैकड़ो की संख्या में सहिया मौजूद थे ।

## नैतिकता के पतन का कारण संस्कारों का अभाव: मुनि श्री विशल्य सागर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पूरे विश्व में आज जो अशांति और युद्ध का माहौल है , एक देश दूसरे देश पर आक्रमण कर अपने देश की लकीर को और बड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं वह गलत है। इसे जैन धर्म के अहिंसा और विश्व शांति के सिद्धांत से ही समाप्त किया जा सकता है, ,जैन समाज के द्वारा आयोजित विश्व शांति महायज्ञ का अनुष्ठान पूरे जिले शहर और समाज में धर्म प्रभावना हो, शांति का वातावरण हो, पर्यावरण की सुरक्षा हो इसके लिए किया गया है, हवन और शांति मंत्रों से वातावरण में शुद्धि आती है, लोगों में धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है। यह बातें रानी सती धर्मशाला में आयोजित कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के दौरान आयोजित प्रेस वार्ता के क्रम में मुनि श्री विशल्य सागर महाराज ने कहीं। सभी मीडिया बंधु ने गुरुदेव के चरणों में श्री फल चढ़ाया और आशीर्वाद प्राप्त किया, पूज्य गुरुदेव ने सभी पत्रकार बंधुओं को आशीर्वाद स्वरुप धर्म पुस्तक भेंट की, इसके पूर्व जैन समाज के अग्रणी सुरेश झाझंरी, चतुर्मास संयोजक सुरेंद्र काला ने गुरुदेव के ज्ञान गंगा का परिचय दिया, इस मौके पर अलका दीदी, जैन समाज के मंत्री ललित सेठी, कार्यक्रम के संयोजक नरेंद्र झाझंरी, दिलीप बाकलीवाल राजीव छाबड़ा, सरोज जैन, मनोज गंगवाल, रुपेश छाबड़ा, उप मंत्री राज छाबड़ा , सुशील जैन छाबड़ा, किशोर जैन पांड्या , निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन, जैन समाज के मीडिया प्रभारी नवीन जैन राजकुमार अजमेरा मौजूद थे कल दिनांक 11 अक्टूबर को प्रातः विश्व शांति महायज्ञ, लाखों मंत्रों और आहुति से संपन्न होगा तत्पश्चात विशाल ऐतिहासिक शोभायात्रा नया मंदिर पानी टंकी रोड रानी सती धर्मशाला से नगर भ्रमण करते हुए स्टेशन रोड बड़ा जैन मंदिर में जाएगी ।

## कुलदेवी मां मथुरासिनी के प्रांगण में सत्यनारायण कथा का आयोजन

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** माहुरी वैश्य महामंडल के मां मथुरासिनी के प्रांगण में रविवार संध्या सात बजे शरद पूर्णिमा के अवसर पर सत्यनारायण भगवान कथा का आयोजन हुआ। महामंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अनुज सेठ ने बताया कि यह आयोजन पिछले कई वर्षों से होते आया है, कोरोना के कारण कुछ समय से बंद कर दिया गया था, यह प्रत्येक महीने के पूर्णिमा में होती हैं। पूजा में मुख्य यजमान मोती पिक्रर के गोपाल दास भदानी व उनकी धर्मपत्नी नलिम भदानी थे। धर्म संचार मंत्री पूनम गुप्ता ने बताया कि श्री सत्यनारायण की कथा को एकादशी या पूर्णिमा के दिन किया जाता है। इस व्रत के पीछे मूल उद्देश्य सत्य की पूजा करना है। इस व्रत में भगवान शालिग्राम का पूजन किया जाता है। महामंत्री उमा चरण पहाड़ी ने कहा जो व्यक्ति सांसारिक सुखों को भोगना चाहता है और मरणोपरांत परलोक जाना चाहता है। उसे सत्यनारायण पूजा अवश्य करनी चाहिए। भाजपा नेत्री शालिनी वैश्खियार ने कहा कि सत्यनारायण भगवान की कथा लोक में प्रचलित है, हिन्दू धर्मावलम्बियों के बीच सबसे प्रतिष्ठित व्रत कथा के रूप में भगवान विष्णु के सत्य स्वरूप की सत्यनारायण व्रत कथा है। उमा देवी, पूनम गुप्ता, कंचन देवी ने अपने भजनों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कथा में उपस्थित महिला समिति से शालिनी वैश्खियार, संगीता वैश्खियार, कंचन देवी, उमा देवी, रेखा टारको, राखी टारको, पूनम भदानी, सुषमा एकघरा रुबी, समता , विनिता भदानी, नवयुवक समिति और अंतरंग समिति से संजीत तरवे, मनीष आकाश, अशोक भदानी, राजकुमार चरणपहाडी, अरुण राम , सुजय गुप्ता, दयाल राम, अशोक गुप्ता, किशोर भदानी, पंकज वैश्खियार, उत्कर्ष गुप्ता, अरूण गुप्ता एवं अन्य महिला पुरुष भक्तों ने आश्विन पूर्णिमा के मासिक पूजा को सफल बनाया।

### आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सभी पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर

# सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ : डीसी




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर जिले के सभी अधिकारियो, बीडीओ एवं सीओ के साथ कॉर्डिनेशन की बैठक की। उन्होंने जिला के विभिन्न प्रखंडों के अंतर्गत पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविर के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने शिविरों का सिड्यूल तथा कार्ययोजना तैयार वृहत प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित तिथि को शिविर का आयोजन कर सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक आवेदन प्राप्त कर जांचोपरांत योजनाओं की स्वीकृति प्रदान करना मुख्य उद्देश्य है। उन्होने कहा की राज्य सरकार की सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, ग्रीन राशन कार्ड, पशुधन योजना, छात्रवृति योजना आदि प्रमुखताओ में है इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा है कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दो चरणों में शिविर का आयोजन किया जाना है। पहला चरण 12 से 22 अक्टूबर एवं दूसरा चरण 1 से 14 नवंबर तक आयोजित कर लोगों योजनाओं का लाभ देना है। उन्होंने कहा शिविर का एकमात्र उद्देश्य अहर्ता प्राप्त व्यक्तियों को योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना पड़े तथा योजनाओं का समुचित लाभ मिले है। बैठक में डीडीसी प्रेरणा दीक्षित, प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार, सिविल सर्जन, योजना पदाधिकारी समेत सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी, सीओ तथा बीडीओ उपस्थित थे।

## एनटीपीसी के विस्थापन को लेकर चेपकला में ग्रामीणों ने की बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** चेपाकला पंचायत के ग्राम चेपाकला मे एनटीपीसी के विस्थापन को लेकर एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन पंचायत के मुखिया अनिकेत कुमार नायक की अध्यक्षता मे किया गया। जिसमे सर्व सम्मति से यह प्रस्ताव आया कि एनटीपीसी चेपाकला मे घर मापी करने से पहले गांव के सभी ग्रामीणों से आम सभा कर वार्ता करे। आगे मुखिया अनिकेत नायक ने कहा की विस्थापन निति को और परिसम्पती (मकान, कुआं, तालाब, चारदीवारी इत्यादि) की दर की जानकारी ग्राम सभा को दिए बिना कंपनी कोई घर मापी नही करे । कंपनी रोजगार से जुड़े लोगो को डरा धमका कर उनका घर मापी कर लेता है। एनटीपीसी के द्वारा हमारे संवैधानिक अधिकारो का हनन किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित ग्रामीण में वार्ड सदस्य सुनिल कुमार, बिनोद कुमार तथा रूद्रनारायन महतो, खेमानी साव, विजय राणा, दिनेश्वर महतो, अर्जुन ठाकुर, संतोष सिन्हा, निनकु, अजित ठाकुर, गोपाल प्रजापति, देवनन्दन महतो, आनंद साव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कामेश्वर मेहता बने बरका कला पैक्स अध्यक्ष



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरका कला पैक्स अध्यक्ष का चुनाव सोमवार को हुआ। अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर तीन प्रत्याशी कारु उर्फ कामेश्वर मेहता, संतोष मेहता और जय किशोर मेहता ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया था। सोमवार को हुए चुनाव में 317 वोटरों में से 269 मतदाताओं ने वोट किया। जिसमें कारू उर्फ कामेश्वर मेहता को 108, संतोष मेहता को 95 जबकि जय किशोर मेहता को 64 वोट मिले। इस प्रकार कारू उर्फ कामेश्वर मेहता ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी संतोष मेहता को 13 वोटों से पराजित कर बरका कला पैक्स अध्यक्ष का पद पर जीत दर्ज किया। निर्वाचित पदाधिकारी सह इचाक बीसीओ राजेश कुमार एवं टाटीझरिया बीसीओ थियोफिल टूडू ने कामेश्वर मेहता को प्रमाण पत्र सौंपा। जीत के उपरांत कारु उर्फ कामेश्वर के कार्यकताओं ने माला पहनाकर उनका स्वागत और जीत की बधाई दी। नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष कालू उर्फ कामेश्वर ने कहा कि किसान हित में कार्य करना उनकी प्राथमिकता होगी। बधाई देने वालों में अनिल कुमार राणा के अलावा कई लोग शामिल थे।

## चोरी के आरोपी युवक को भेजा गया जेल

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र मरकच्चो स्थित राणा मुहल्ला निवासी प्रवीण कुमार पिता स्व श्याम सुंदर राणा के सन्नाटे मकान में रविवार की रात्रि दो युवकों ने चोरी की। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी सुमित कुमार साव ने त्वरित कार्रवाई कर चोर को गिरफ्तार कर कोडरमा भेज दिया है । चोरी की घटना को लेकर प्रवीण कुमार ने थाने में लिखित आवेदन देकर बताया कि मेरा भाई राहुल राणा मरकच्चो हॉस्पिटल रोड में नया घर बनवा रहे हैं। जिसका देखभाल में रविवार की रात्रि 11 बजे गये हुए थे। इस दौरान घर से निकलकर दो लड़का भागते नजर आया जिसमें से एक लड़का को पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर अपना नाम श्याम सुंदर साव पिता राम शहाय साव ग्राम तेली मुहल्ला मरकच्चो बताया। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर दूसरा लड़का फरार हो गया। जिसका नाम पकड़े गए लड़के ने कुंदन साव उर्फ दारा साव पिता धानेश्वर साव ग्राम तेली मुहल्ला मरकच्चो बताया गया।

## एमएसीपी संघर्ष मोर्चा ने आंदोलन करने का लिया निर्णय



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** एमएसीपी संघर्ष मोर्चा झारखंड के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक मोर्चा के अध्यक्ष गिरिजा नंदन प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव गंगा प्रसाद यादव, झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव रविंद्र प्रसाद सिंह, प्रोजेक्ट विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव नरेंद्र कुमार यादव, राज्य के प्रत्येक जिला के संयोजक की उपस्थिति में व्यापक विचार विमर्श के साथ हुई। विषय प्रवेश करते हुए प्रदेश सचिव अमरनाथ झा ने एम ए सी पी संघर्ष मोर्चा द्वारा की गई प्रयास गिनाया और कहा कि अब एम ए सी पी जैसे सामूहिक मुद्दा को कैसे आंदोलन कर उपलब्धि प्राप्त की जाय पर विचार हो। सर्व सम्मति से निर्णय हुआ कि एम ए सी पी संघर्ष मोर्चा की प्रदेश समिति के नेतृत्व में तीनों संघ केवल एम ए सी पी की प्राप्ति हेतु आंदोलन करेगा। आंदोलन की रूप रेखा तैयार की गई जिसमें अपनी मांग से राज्य के सभी विद्यालय शिक्षक को अवगत कराया जाय। शिक्षा सचिव से लेकर मुख्यमंत्री तक ज्ञापन देकर वार्ता हो। एक दिवसीय प्रदर्शन की जाय। सांकेतिक अनशन, अनिश्चित कालीन धरना। उपरोक्त चरणबद्ध आंदोलन की तिथि निर्धारित करने हेतु संघर्ष मोर्चा को अधिकृत किया गया। बैठक का संचालन मोर्चा के संगठन मंत्री किनेश्वर महतो ने किया। मोर्चा के कार्यालय प्रभारी मो रियाज अहमद ने प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन मोर्चा के कोषाध्यक्ष शिवाजी सिंह ने किया। आज की बैठक में झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के कार्य कारी अध्यक्ष यशवंत विजय, पाकुड़ से बैद्यनाथ सिंह, हजारीबाग से डॉ अर्जुन ओझा, अवधेश नारायण सिंह, जगेश्वर महतो, उमेश प्रसाद सिन्हा, गढ़वा से रामसेवक तिवारी, पलामू से शिव शंकर प्रसाद, नरेश प्रसाद सिंह, धनबाद से भोला महतो, पश्चिमी सिंहभूम से गुरू चरण महतो आदि उपस्थित थे।

# मानदेय वृद्धि समेत आठ सूत्री मांगों को लेकर सहिया संघ ने किया धरना प्रदर्शन



**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** मानदेय बढ़ाने सहित कई मांगों को लेकर केरेडारी प्रखंड के सभी सहिया एवं सहिया साथियों ने सोमवार को प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सहिया सरिता देवी व संचालन किरण कुमारी व कविता देवी ने किया। इस मौके पर केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी,जिला परिषद दक्षिणी अनिता सिंह, पचड़ा मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष महेश साव, बेलतु मुखिया जितनी देवी, केरेडारी मुखिया सोनिया देवी, सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव,समाजसेवी पेरू प्रताप राम सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इसके पूर्व सहिया एवं सहिया साथियो ने स्वास्थ्य केंद्र केरेडारी परिसर से रैली कर शक्ल में नारे, हमारी मांगे पूरी करो, नारी नही चिंगरी है, सरकार हमको शोषण करना बंद करो,आदि नारे लगाते हुए प्रखण्ड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गया। जहां पर उपस्थित वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग में जिस तरह से गावो में घर घर मे जा कर सहिया एवं सहिया साथी काम करती है इसके ऐवज में मानदेय बहुत कम है। ये सरकार द्वारा शोषण किया जा रहा है,झारखंड सरकार इनके मांगों को तुरन्त पूरा करने चाहिए। जहां तक सहयोग करने की बात हम सभी जनप्रतिनिधियों आपके साथ है। वहीं कई सहिया साथी एवं सहिया ने सम्बोधित किया ततपश्चात सहिया प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ किस्टों कुमार बेसरा को हाथों आठ सुत्री मांग पत्र सौंपी । मांग पत्र में सहिया एवं सहिया साथी का प्रोत्साहन राशि को समाप्त कर न्यूतन मानदेय सहिया साथी के 24 हजार रुपये सहिया का 18,000 रुपये कर दिया जाय, एवं 30 दिन कार्य दिवस किया जाय, डाटा इंट्री के लिए मोबाइल व मोबाइल खर्च राशि दिया जाय, जो सहिया एवं सहिया साथी दस वर्ष से काम कर रही है उसे अनुबंध कर्मी घोषित किया जाय, सहिया एवं सहिया साथी को स्थायी की जाय, आदि आठ मांग शामिल है। इस मौके पर सहिया सरिता देवी, पूनम देवी, सुनीता देवी, अंजू देवी, पिंकी देवी, अनिता, देवी, किरण देवी, सुधा देवी, नर्मदा देवी, उर्मिला देवी, गीता देवी, आदि सैकड़ो सहिया व सहिया साथी उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय दहेज उन्मूलन समाज उत्थान की राष्ट्रीय सवर्ण महासभा की बैठक



**चौपारण (आजाद सिपाही)।** 9 अक्टूबर 2022 को होटल सेलिब्रेशन चौपारण में अखिल भारतीय दहेज उन्मूलन सह समाज उत्थान राष्ट्रीय सवर्ण महासभा के राष्ट्रीय कमेटी का बैठक अंबाजी निवासी हरीश चंद्र सिंह के अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष सीडी सिंह ने संबोधित की एवं महासभा के उद्देश्यों से अवगत कराया। सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह, राष्ट्रीय सचिव जीत नाथ सिंह तथा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह समाजसेवी हरीश चंद्र सिंह एवं श्री रामफल सिंह चपरी, अशोक सिंह, विनोद सिंह मुखिया उपेंद्र सिंह, रामफल सिंह झुनिया अरुण पाण्डेय, सतानन्द सिंह, बीरेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, रंजीत पाण्डेय, सत्येंद्र शर्मा, रणविजय सिंह एवं उपस्थित सभी गणमान्य सवर्णो ने संबोधित करते हुए अपने अपने विचार रखें। सबों ने एकमत से उक्त महासभा को समर्थन करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि छठ पूजा के बाद चौपारण इटखोरी मयूरहंड तीनों प्रखंड को मिलाकर चौपारण में एक विशाल बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक समापन की घोषणा करते हुए हरीश चंद्र सिंह ने कहा कि आज हम सवर्णों को सिर्फ हजारीबाग झारखंड में ही नहीं बल्कि पूरे भारत में एक होने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे बीच ऐसे ऐसे भी योद्धा हैं की इस महासभा को तन मन धन से सहयोग देने को तैयार हैं । इसी कड़ी में नरेना चौपारण निवासी अशोक सिंह जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं जो उक्त महासभा के लिए 51 डिसमिल जमीन दान करने की घोषणा किए हैं। इस बैठक में मुख्य रुप से अशोक सिंह नरेना, उपेंद्र सिंह बारा, सत्यानंद सिंह ढूठी, रामफल सिंह, विनोद कुमार सिंह मुखिया, अरूण पांडे, विनोद सिंह, बीरेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, गुंजन सिंह, मनीष कुमार, युगेश सिंह, रणजीत पांडे, सत्येन्द्र शर्मा, हेमंत पांडे, राजेश सिंह, सुदीप कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, दिनबहादुर सिंह,अशोक सिंह, श्री रणविजय सिंह, प्रदीप सिंह, सत्यानंद सिंह, अर्जुन सिंह, अशोक सिंह समेत सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## महर्षि बाल्मीकि के पद चिह्नों पर चलने की आवश्यकता है : महेंद्र राम बिहारी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा हजारीबाग के बैनर तले जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी के अध्यक्षता में दारू प्रखंड के दिगवार में महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रंजीत कुमार ने किया। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी ने संत महर्षि बाल्मीकि जयंती के अवसर पर समाज को संबोधित करते हुए कहा कि हमें महर्षि बाल्मीकि के पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है एवं शिक्षा के क्षेत्र में भी अग्रसर होने की काफी जरूरत है तभी हम अपने समाज को विकास के मुख्यधारा से जोड़ सकते हैं। इसके लिए हमें एकजुट होकर हर एक समस्या का समाधान करना होगा। समाजसेवी नुनुलाल भूईयाँ ने अपने संबोधन में कहा कि संत महर्षि वाल्मीकि उस समय रामायण लिखें जब पूरे क्षेत्र में छुआछूत की काफी व्यापक स्थिति थी। कठिन तप और तपस्या के कारण महर्षि बने हमें इनके आदर्शों को आत्मसाथ करते हुए आगे बढ़ना है क्योंकि अब परिवेश बदल गया है और छुआछूत भी नहीं के बराबर है। जिला महामंत्री रंजीत कुमार ने अपने संबोधन में संबोधित करते हुए कहा कि संत महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जाति समाज से आते थे। अपने ज्ञान और तप बल के कारण आज रामायण लिख कर हमें यह सीख देते हैं कोई भी रास्ता बहुत कठिन नहीं होती है। मौके पर महामंत्री रंजीत कुमार, समाज सेवी नुनुलाल भुइयां, रामचंद्र राम, विजय राम, अर्जुन राम, शोभा देवी, बबीता देवी, पूनम देवी, सोनी देवी के अलावे काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

## स्व. बीरबल मेहता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक मोड़ सिझुवा हाई स्कूल के निकट स्व बीरबल मेहता के आदमकद प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सबसे पहले उपस्थित लोगों ने बारी बारी से उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उसके बाद श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि सह स्व बीरबल मेहता के बड़े सुपुत्र सुनील मेहता व संचालन ओमप्रकाश मेहता ने किया। दो मिनट का मौन रख लोगों ने श्रद्धांजलि दी। उसके बाद बिरहोर परिवार के बीच वस्त्र और मिठाई का वितरण सुनील मेहता के द्वारा किया गया। मौके पर भाजपा नेता राजेश गुप्ता, आरके मेहता, सांसद प्रतिनिधि भागवत मेहता, निर्मल कुमार, हरिहर मेहता, सुशील पांडे, उप प्रमुख सतेंद्र कुमार, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयनन्दन मेहता, सुभाष सोनी, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत मेहता, नंदकिशोर मेहता, निशु कुमारी, पंसस मुकेश उपाध्याय, भाजपा ओबीसी मोर्चा के मुखलाल मेहता, मंडल उपाध्यक्ष शंकर सिंह, अरविंद मेहता, वीरेंद्र मेहता, रमेश कुमार हेंब्रम, दयानंद कुमार, आलोक सिंह, सत्यनारायण मेहता, प्रयाग मेहता, सिकंदर दास, पूर्व मुखिया इंद्रदेव मेहता, परमेश्वर रविदास, मुनेंद्र मेहता, अशोक मेहता, उमेश गिरी, सुजीत मेहता, रामजय मेहता, दिनेश मेहता, जीतेश्वर मेहता, अभिषेक कुमार, दिलीप मेहता, महेश कुमार साव, डॉ सुनील दास, राजू मेहता, शंकर सोनी, ज्ञानी साव, प्रसादी मेहता, मनोज सिंह, राजेश मेहता, राजकुमार राम, शंकर यादव, प्रकाश चंद्रवंशी, धनेश्वर राणा, राकेश मेहता, शिक्षक इंद्रदेव मेहता, रामचंद्र दुबे समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सीतागढ़ फायरिंग रेंज की अवधि का विस्तार ग्रामीणों की सहमति से : सीमा सुरक्षा बल

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप हजारीबाग के जन संपर्क अधिकारी ने दिनांक 7 अक्टूबर को एक दैनिक अखबार में ह्वविरोध होने के बावजूद सीतागढ़ फायरिंग रेंज को अवधि विस्तारह्व शीर्षक से छपी खबर पर स्थिति स्पष्ट करते हुए इस बात का खंडन किया है, कि विरोध के बावजूद सीतागढ़ फायरिंग रेंज की अवधि का विस्तार किया गया है। खबर के अनुसार नेतरहाट फील्डफायरिंग रेंज के नवीनिकरण का प्रस्ताव राज्य सरकार ने रद्ध कर दिया है क्योंकि स्थानीय ग्रामीण व राज्य प्रशासन प्रस्ताव के विराध में थे, जबकि सीतागढ़ फायरिंग रेंज को 10 साल के लिए विस्तार करने की बात है। 16 जुलाई 2022 को ग्रामवासियों ने अपने समन्वय संबधित समस्याओं को सीमा सुरक्षा बल के समक्ष रखा था, जिसमें सीतागढ़ फायरिंग रेंज के विस्तार को सर्वसम्मति से अधिकांश ग्रामीणों का समर्थन प्राप्त था। सीमा सुरक्षा बल हमेशा से ही संजीदगी से बढ़-चढ़ कर पूरी तरह से ग्रामीणों के समन्वय में कार्य करता रहा है और भविष्य में भी जारी रखेगा। ताकि सीमा सुरक्षा बल और ग्रामीणों के बीच सहयोग की भावना बनी रहे। जन संपर्क अधिकारी द्वारा यह भी बल देकर बताया गया कि सीमा सुरक्षा बल के द्वारा हमेशा ही फायरिंग के दौरान सभी प्रकार की ऐतिहात व यथासंभव सावधानी बरती जाती है और सीमा सुरक्षा बल सदैव जनहित को सर्वोपरि रखते हुए ग्रामीणों के कल्याण हेतु पर्यासरत है। खेती के कामों व ग्रामीणों के आने जाने पर किसी भी प्रकार की कोई अनावश्यक रोकटोक नही लगाई जाती है।

## स्थानीय लोग दहशत के साये में जीने को हैं मजबूर



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** बढ़ते अपराध को देखते हुए बंजारी नगर के निवासियों ने अपनी सुरक्षा के लिए बरकाकाना ओपी को आवेदन दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार रामगढ पतरातू मुख्य मार्ग ओवरब्रिज के समीप बंजारी नगर व संस्कार कॉलोनी के निवासियों ने बरकाकाना ओपी में आवेदन देकर गश्ती दल को प्रतिदिन विशेष रूप से रात्री में भेजने का आग्रह किया है ।स्थानीय लोगों ने बताया आये दिन चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया जाता हैं, साथ ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है जिसके कारण अप्रिय घटना ना घटे इसलिए थाना में आवेदन देकर गश्ती दल को भेजने की माँग की है जिससे स्थानीय लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके ।मौके पर अनुज कुमार, विक्रम कुमार, जितेन्द्र कुमार,कर्ण, गिरीश प्रसाद,लाल चंद कनौजिया, उमेश प्रसाद सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 11 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


## पटेल छात्रावास समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने की बैठक, कहा

# सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापना को लेकर कांग्रेस कर रही ओछी राजनीति

बीरु कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थापना का विवाद बढ़ गया है। आजसू और कांग्रेस सामने सामने है। एक दूसरे पर आरोप लगा रहे है। बैठके कर रणनीति बना रहे है। दोनो पार्टी के समर्थकों का गुस्सा आसमान छू रहा है। माहौल तनावपूर्ण है। मामला थाना में है। पुलिस प्रशासन नजरे बनाई हुई है। फि लहाल काम को बंद करवा दिया गया है। ताकि टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

**आजसू की बैठक में लगा कांग्रेसियों पर बड़ा आरोप**

सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापना करने में कांग्रेस और उनके पार्टी के नेता सबसे बड़ा रोड़ा बन कर खड़े हो गए हैं। यह आरोप पटेल छात्रावास के पदाधिकारियों ने लगाया है। सोमवार को पटेल छात्रावास कांकेबार के तत्वाधान में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में आजसू पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस की लाख साजिशों के बावजूद 31 अक्टूबर को चयनित स्थान पर ही सरदार पटेल जी की प्रतिमा का अनावरण होगा। जिस जमीन को कांग्रेसी नेता अपने निजी स्वार्थ के लिए हड़पना चाहते हैं वह जमीन सरकारी है और एनएचएआई के द्वारा उपलब्ध कराई गई है। वक्ताओं ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती से पहले यहां प्रतिमा स्थापित कराने का निर्णय लिया गया था। इस संबंध में जब एनएचएआई को पत्र लिखा गया। उन्होंने स्थल चयन करने के साथ-साथ प्रतिमा स्थापन के लिए भूमि पूजन का भी आयोजन किया। लेकिन कांग्रेसी नेताओं को यह काफी नागवार गुजरा। कांग्रेसी नेता एवं भूमि-माफिया मुकेश यादव द्वारा सुनियोजित तरीके से गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी के विरुद्ध मनगढ़ंत तरीके से जो मारपीट एवं भूमि हड़पने की जो आरोप लगाया गया है वह पूरी तरह बेबुनियाद है।



**बैठक के ये थे उपस्थित**

विजय कुमार साहू, धनेश्वर महतो, मनोज कुमार महतो, अरविंद कुमार महतो, राजेश महतो, चिंतामणि पटेल, नीरज मंडल, सुरेंद्र महतो, मनोज महतो, तेजपाल महतो, गिरधारी महतो, योगेंद्र महतो, गोविंद महतो, देवधारी महतो, दीपक साहू, संजय चौधरी, मनोज मंडल, बबलू शर्मा, डालचंद महतो सहित कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मूर्ति की स्थापना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी : कांग्रेस

इस मामले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के ऊपर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापित करने के विरोध का आरोप लगाया गया है, जो पूरी तरह बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की मूर्ति स्थापना को लेकर आजसू पार्टी जमीन हड़पने की साजिश रच रही है। उन्होंने यह भी कहा है कि सरदार पटेल की मूर्ति स्थापना की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है ना कि आजसू पार्टी की। आनन-फानन में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी अपने समर्थकों के साथ पटेल चौक पहुंचकर भूमि पर मिट्टी इत्यादि भरकर घेरने का प्रयास कर रहे थे। जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि पिछले 20 साल से आजसू पार्टी रामगढ़ विधानसभा में गुंडागर्दी की राजनीति कर रही है, जो अब नहीं चलेगा। कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो कांग्रेस गठबंधन की सरकार से लोगों की गुंडागर्दी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता अनुशासित और संयमित जरूर है, लेकिन ऐसे लोगों को करारा जवाब देने में सक्षम है। विधायक ममता देवी के विकास कार्यों की गति को देखकर आजसू पार्टी पूरी तरह बौखला गई है।

### सांसद सहित 7 लोगों के खिलाफ रामगढ़ थाने में मामला दर्ज

कांकेबार पटेल चौक पर 5 डिसमिल जमीन के विवाद को लेकर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी सहित 7 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज हो गई है। जबकि 20 से 25 अज्ञात पर भी मामला दर्ज हुआ है। मामले में रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर हरिनंदन सिंह ने कहा कि कांड संख्या 220/22 धारा 341/323/504/506/379/34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है। विनोद कुमार के द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि 9 अक्टूबर को पटेल चौक के पास उनकी जमीन पर सांसद जयप्रकाश चौधरी, अरविंद महतो, सकलदेव महतो, धनेश्वर महतो, सुरेश महतो, संजय चौधरी, नीरज मंडल और 20-25 अन्य लोग डोजरिंग कर रहे थे। खाता नंबर 45 प्लॉट नंबर 594 की 5 डिसमिल जमीन उनकी है। जिसे आजसू नेताओं के द्वारा हथियाने की नियत से कार्य किया जा रहा था। विनोद जब अपने भाई आलोक कुमार और भतीजा विनय राज के साथ वहां पहुंचे तो उनके साथ मारपीट और गाली गलौज किया जाने लगा। इसी दौरान विधायक प्रतिनिधि मुकेश यादव जब वहां पहुंचे तो सीपी चौधरी ने उनके साथ भी मारपीट की। इस दौरान मुकेश यादव के जेब से 2 हजार रुपये भी छीन लेने का आरोप लगाया गया है।

### जहां है विवाद, वह गैरमजरूआ जमीन : सीओ

इस पूरे प्रकरण पर रामगढ़ अंचल अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि जिस जमीन पर विवाद चल रहा है वह गैरमजरूआ जमीन है। उन्होंने बताया कि विनोद कुमार नामक व्यक्ति के नाम पर खाता नंबर 45 प्लॉट नंबर 594 पर कोई जमाबंदी नहीं है।

## बड़गांव कल्याणपुर मार्ग जर्जर, सुध लेने की जुरूरत



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के बड़गांव कल्याणपुर सड़क मार्ग बहुत ही जर्जर हो गया है। हालत यह है कि हाल के दिनों में हुई बारिश के कारण इस सड़क की स्थिति और भी दयनीय हो गयी है। बड़गांव से कल्याण पुर की दूरी मात्र दस किलोमीटर है। लेकिन इस दस किलोमीटर की दूरी तय करने में ग्रामीणों को एक घण्टा लगता है। इस सड़क पर काफी आवागमन होता है। और दर्जनों गांव को जोड़ने वाली सड़क से सैकड़ों लोग प्रतिदिन इसी रस्ते से आवागमन करते हैं।इस सड़क की जर्जरता का पता इस बात से ही चलता है कि थोड़ी भी बारिस हुई की पहाड़ो से निकली पानी सड़क को कीचड़ से अवरोध कर देती है। दस किलोमीटर तक इस सड़क की स्थिति काफी भयावह है।बरसात होते ही कई जगह सड़क कीचड़ और तालाब में तब्दील हो जाती है।सबसे ज्यादा परेशानी बड़गांव के पास ही है जहाँ सड़क तालाब में तब्दील हो गयी। जिसके कारण लोग खेतो से होकर आते जाते हैं वही दूसरी जगह बानपुर तालाब के ऊपर से होकर गुजरने वाली सड़क की यही हाल है।कच्चे सड़क पर दो फिट गढ्ढे हो गया है लोग जान जोखिम में डालकर ग्रामीण एव स्कूल बस एव पैदल आवागमन करते हैं।कभी भी कोई वाहन फिसलन के कारण अनियंत्रित होकर तालाब में गिर सकता है।यही हालत खंधार गांव के पास पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।कुल मिलाकर जोखिम उठाकर ग्रामीण इस सड़क पर चलने को मजबूर हैं।वही सांसद या विधायक अथवा कोई भी जनप्रतिनिधियों का इस मुख्य सड़क की दयनीय हालत पर ध्यान नहीं जाता है। ग्रामीण भी यह सोच लिए है कि इस सदूरवर्ती क्षेत्र में कोई प्रतिनिधि एव प्रखण्ड के अधिकारी आते जाते नही तो हमारी व्यथा कौन सुनेगा। यही सोचकर ग्रामीण भी इसे नियति मानकर इस जर्जर सड़क पर चल रहे हैं।

## महालक्ष्मी पूजा समिति के अध्यक्ष बने संतोष प्रसाद गुप्ता, सचिव अमित गुप्ता



**टंडवा/केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के पेटो पंचायत के चट्टी पेटो में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महालक्ष्मी पूजा मानाने को लेकर पूर्व आयोजित बैठक रविवार देर संध्या को किया गया।अध्यक्षता सेवानृवित्त शिक्षक धानेश्वर साहू, संचालन अमित गुप्ता ने किया।मुख्य रूप से बैठक में धूम धाम से पूजा को संपन्नता एव सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन को लेकर उपस्तिथ गाँव के गण मान्यो ने अपनी अपनी सुझाव दिया।इसमें नेता प्रीतम साहू ने अपनी संबोधन में कहा की गत वर्ष की पूजा को लेकर इस वर्ष ऐसी समिति बने जो पुरे पंचायत के लोगो को एक जुट एव जोड़ के रखने जैसा हो, महा लक्ष्मी पूजा होली दशहरा सभी वैर मन मुटाव द्वेष भेद भाव को मिटाने के लिये ही त्योहारो में बड़े बड़े आयोजन होते आ रहे है। महा लक्ष्मी पूजा समिति का गठन प्रस्तावित कर अध्यक्ष कोषाध्यक्ष सचिव,उपाध्यक्ष,उप सचिव,संरक्षक का चयन किया गया।इसमें तीसरे बार संतोष प्रसाद गुप्ता अध्यक्ष,अमित गुप्ता सचिव,सरोज गुप्ता को कोषाध्यक्ष,उपाध्यक्ष बिनोद राम,उपाध्यक्ष बजरंगी यादव,उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार,मिडिया प्रभारी राजेश कु ठाकुर,संरक्षक मुखिया प्रतिनिधि गुरुदयाल साव,पंसस अरविंद साव,पूर्व उप मुखिया भुनेश्वर साव,आजसू नेता कंचन यादव,मनोहर साव,चितरंजन साव,सेवा नृवित्त शिक्षक महावीर साहू,शिक्षक शिव चरण गुप्ता,कॉग्रेस नेता रवीन्द्र गुप्ता,चन्दन गुप्ता,नारायन साव,लक्ष्मी साव,सूरज साव,प्रमोद गुप्ता,राम वृक्ष साव,छोटन साहू,पूर्व मुखिया राजकिशोर यादव,पैक्स अध्यक्ष गजेन्द्र यादव,समेत दर्जनों कार्यकारणी सदस्य का चयन किया गया।इस मौके पर सुंदर गुप्ता,सुबास गुप्ता,विकास गुप्ता,बृजनंदन गुप्ता,चंदन,सौरव,बजरंगी,सूरज ठाकुर,अशोक ठाकुर,राहुल गुप्ता,राजेश साहू,शिव नारायण साव,गोविन्द साव,पवन कुमार,उत्तम राम,होरिल साव,समेत दर्जनों लोग उपस्तिथ थे।

## आम्रपाली के रैयत व विस्थापितों को हर हाल में मिलेगा हक और अधिकार: महाप्रबंधक



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** साल 2019 से एक साल तक पीओ के रूप मे आम्रपाली मे सेवा देने वाले अमरेश कुमार को जमीनी अनुभव को देखते हुये सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने महाप्रबंधक बना कर इस परियोजना का बागडोर सौपा है। मंगलवार को कार्य भार संभालने से पूर्व नये महाप्रबंधक अमरेश कुमार ने आजाद सिपाही से बातचीत करते हुये कहा कि आम्रपाली के लिये जमीन देने वाले रैयत और विस्थापितो को उनका हक और अधिकार हर हाल मे मिलेगा। बंदोबस्त लैण्ड को प्रशासनिक सत्यापन करवा कर जमीन के बदले रैयतो को सीसीएल की नौकरी मिलेगी। एक सवाल के जबाव मे कहा कि मनवाटोगरी के विस्थापितो के साथ बैठक कर उत्पन्न समस्याओ का समाधान किया जायेगा। विस्थापित करने से पहले उनको भी प्रावधान के तहत अधिकार मिलेगे।जीएम ने माना कि कोई भी प्रबंधन रैयतो के सहयोग के बगैर नही चल पायेगा। कोयले की उत्पादन मे बढोतरी के साथ गाँवो की विकास हमारी प्राथमिकता होगी। एक सवाल पर कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी और सीसीएल प्रबंधन एक दूसरे का पूरक है। उन्होने साफ कहा कि जमीन के बदले नौकरी देना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। इसके लिये हमारी पूरी टीम दिन रात पसीना बहायेगी।

## झामुमो जिला समिति की बैठक

- सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश
- सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होकर जनता की समस्याओं का करें निराकरण : विनोद



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की आवश्यक बैठक सोमवार को पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू व संचालन विनोद कुमार महतो ने किया। इस दौरान बैठक में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जिलाध्यक्ष ने नेता व कार्यकताओं को कई निर्देश दिए। साथ ही कार्यक्रम में अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने नेता और कार्यकताओं से स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं की समाधान के लिए यह सुनिश्चित करें कि सरकार आपके द्वार में खड़ी है और जनता की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो, जिला उपाध्यक्ष विजय किस्कू, मुखेन्द्र महतो, हरिलाल बेदिया, खुर्शीद आलम, राजू साव, सकलदेव करमाली, नरेश हांसदा, सुरेश चंद्र पटेल, ऐतो बास्के, कैलाश टुडु, रामकुमार मांझी, शाजिद आलम, इमामुल अंसारी, प्रदीप बेदिया, मो गुलाब नबी, शिव करमाली, सूरज बेदिया, विमल करमाली, बालदेव मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## डीसी ने की डिस्ट्रिक्ट ई गवर्नेंस सोसाइटी की समीक्षा बैठक

**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट ई गवर्नेंस सोसाइटी द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर की गई समीक्षा बैठक। बैठक में उपायुक्त ने प्रधानमंत्री किसान योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि छूटे हुए लाभुक का इ केवाईसी कार्य को पूर्ण करें।साथ ही वैसे लाभुक जो अयोग्य हैं उसकी पुष्टि से संबंधित कार्य संबंधित अंचल अधिकारी के माध्यम से कराएं। जिससे शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को प्रधानमंत्री किसान योजना का लाभ मिल सके। जिला अंतर्गत संचालित कुल सीएससी केंद्रों में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन कि स्थिति की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक चलने वाले प्रथम चरण एवं 1 नवंबर से 14 नवंबर 2022 तक चलने वाले द्वितीय चरण आपकी योजना झ आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिले के सभी प्रखंड विकास अधिकारी एवं ब्लाक स्तर के ऑपरेटरों को प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। जिससे कैंप में प्राप्त आवेदनों को ससमय ऑनलाइन किया जा सकें और योग्य लाभुकों को चिन्हित कर लाभान्वित किया जा सके।ई-जिला प्रबंधक रितेश कुमार गुप्ता द्वारा बताया गया स्कूल विद्यालयों के छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनने की योजना में अभी तक कुल 30000 आवेदनों को ऑनलाइन कर दिया गया है।

## सयाल और पोड़ा गेट बना है ब्राउन शुगर कारोबार का अड्डा

- युवा सहित बच्चे भी कर रहे है इसका सेवन
- तीन वर्षो से ज्यादा फल फूल रहा है ब्राउन शुगर का कारोबार

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा क्षेत्र में फलते-फूलते ड्रग्स के कारोबार पर पहली बार कानून का शिकंजा कसा जाना पुलिस का बड़ा कदम माना जा रहा है। जबकि बीते तीन वर्षों से यह कारोबार चर्चा में बना हुआ है। नशे के खिलाफ नये एसपी पीयूष पांडेय के तेवर से आम जनता का भरोसा पुलिस पर बढ़ता दिख रहा है। भुरकुंडा कोयलांचल में चोरी, अवैध शराब बिक्री, कोयला-बालू की तस्करी का कारोबार लंबे समय से जारी है। जिसपर भ्रष्ट अधिकारियों के संरक्षण की भी हमेशा से चर्चा रही है। इधर, 2019 से भुरकुंडा में न सिर्फ ये अवैध गोरखधंधे बढ़े हैं बल्कि ड्रग्स के कारोबार ने भी क्षेत्र में पांव पसार लिया। कई युवा नशे की गिरफ्त में बताये जा रहे हैं। वर्ष 2021में यह कारोबार दैनिक अखबार की सुर्खियां भी बन चुका है।



### सयाल उरीमारी बना है ब्राउन शुगर कारोबार का अड्डा

भुरकुंडा क्षेत्र के सयाल पोड़ा गेट और उरीमारी बना है ब्राउन शुगर का अड्डा इसमें कोई शक नही है। इसी क्षेत्र से जोरो से संचालित हो रहा है कारोबार। कोयलांचल क्षेत्र में यही से किया जाता है हर जगहों पर।

### युवा सहित बच्चे भी कर रहे है इसका सेवन

भुरकुंडा कोयलांचल में ब्राउन शुगर का कारोबार में युवा सहित बच्चे भी कर रहे है इसका सेवन। जानकर बताते है की ब्राउन शुगर का का सेवन युवा और बच्चे भी कर रहे है। इससे युवा नस्ल पूरी तरह बरबाद होता दिख रहा है। इसपर अगर पूरी तरह लगाम नही लगाया गया तो इसका बुरा परिणाम होगा।

### तीन वर्षो से ज्यादा फल फूल रहा है ब्राउन शुगर का कारोबार

इधर जानकर बताते है की भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सयाल पोड़ा गेट में तीन वर्षो से ब्राउन शुगर का कारोबार बहुत तेजी से पाव पसारा है कोयलांचल में।

# उरीमारी पुलिस को मिली सफलता जेजेएमपी के दो उग्रवादी गिरफ्तार

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत उरीमारी ओपी पुलिस ने सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर जेजेएमपी संगठन के दो उग्रवादी को पकड़ा। उरीमारी ओपी पुलिस को सूचना मिली कि जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के कुछ उग्रवादी उरीमारी ओपी अन्तर्गत किसी घटना को अंजाम देने के लिए गरसुला पंचायत भवन के पीछे झाड़ी की आड़ में बैठे हुए हैं। इस सुचना को वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया। वहीं वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार उरीमारी ओपी प्रभारी शशि भूषण कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर छापामारी दल गरसुला पंचायत भवन पहुंचा तो देखा कि पंचायत भवन के पीछे झाड़ी की आड़ में चार - पांच लोग बैठे हुए हैं। छापामारी दल को अपनी तरफ आता देख सभी लोग पंचायत भवन के पीछे जंगल की तरफ भागने लगे। छापामारी दल टीम ने उक्त लोगों को दौड़ाकर पीछा किया और दो लोगों को पकड़ लिया। जिसमें दो तीन लोग जंगल का लाभ उठा कर भागने में सफल रहे। पकड़े गए दोनों लोगों से पूछताछ करने पर अपना नाम 1) विशाल करमाली पिता स्वर्गीय मनोज करमाली जरजरा चौक निवासी ओपी उरीमारी जिला हजारीबाग 2) नरेश बेदिया पिता स्वर्गीय महावीर बेदिया दाड़ीदाग निवासी टोला महुआगढ़ा थाना पतरातु जिला रामगढ़ स्वीकार किया। पकड़े गए उक्त दोनों लोगों के शरीर से विधिवत तलाशी लेने पर नरेश बेदिया के पास से एक पिस्टल मैगजीन सहित बरामद किया गया। पिस्टल के संबंध में पूछे जाने पर पकड़े गए दोनों युवकों के द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया और ना ही संतोषजनक जवाब दिया गया। आगे पूछे जाने पर पकड़े गए लोगों के द्वारा बताया गया उरीमारी स्थित कोलियरी में जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का भय एवं दहशत फैलाने हेतु घटना को अंजाम देने के लिए लोग एकत्रित हुए थे। उरीमारी ओपी पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल भेज दिया। छापामारी दल में उरीमारी ओपी प्रभारी शशि भूषण कुमार ओपी पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## पुलिस ने सौंदा-पोड़ा से सुजीत राम को ब्राउन शुगर व नकदी के साथ किया गिरफ्तार



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ड्रग्स कारोबारी सुजीत राम को पुलिस ने सौंदा पोड़ा से ब्राउन शुगर और नकदी के साथ गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। जानकारी के अनुसार पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में सोमवार को भुरकुंडा पुलिस ने सेंट्रल सौंदा टिपला में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान सौंदा टिपला से सुजीत राम को भारी मात्रा में ब्राउन शुगर और नकदी के साथ धर-दबोचा है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने भारी मात्रा में ब्राउन शुगर का ब्राउन पुड़िया और सफेद पुड़िया के साथ-साथ नकदी भी बरामद किया है। पुलिस अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी कर रही है। इधर दो अन्य लोगो को भी उठा कर भुरकुंडा पुलिस पूछ थाछ कर रही है। सुजीत राम के पकडे जाने के बाद नशे के कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इधर मामले पर पुलिस कुछ भी बताने से इंकार कर रही है। छापामारी अभियान में पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र चौधरी, भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे, एसआई राजदीप कुमार, अक्षय कुमार, कुंदन राव सहित सशस्त्र बल के साथ शामिल थें।

## राजद के झारखंड प्रदेश महासचिव ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर जताया शोक

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राजद के झारखंड प्रदेश महासचिव गिरधारी गोप ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि न्यायप्रिय राजनीति, समाजवादी आंदोलन के अग्रिम पंक्ति के योद्धा, सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सौहार्द के सशक्त पैरोकार, देश के शोषित एवं वंचित वर्ग के लोग, समाजवाद को मानने वाले भारतीय राजनीति में मुलायम सिंह यादव के योगदान को हमेशा याद रखेंगे। मुलायम सिंह यादव का निधन से देश को अपूर्णीय छ्ती हुई है। उनके निधन से राजनीति में सूनापन महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव का जीवन संघर्ष समाजवादियों और देश के वंचित शोषित समाज के लोगों डॉक्टर राम मनोहर लोहिया और जय प्रकाश नारायण के अनुवायियों का प्रेरणा श्रोत बने रहेंगे।

## पतरातू कांग्रेस कमेटी की भुरकुंडा में बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** नवगठित पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक सोमवार को भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में सम्पन्न हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल व संचालन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष असगर अली ने किया। बैठक में सर्वप्रथम नव प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल को पूर्व प्रखंड अध्यक्ष असगर अली ने माला पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल ने प्रदेश कांग्रेस द्वारा निर्देशित पतरातू प्रखंड, मंडल व पंचायत बूथ कमेटियों को पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कि प्राप्त दायित्व को निर्धारित समय में जमीनी स्तर पर सशक्त एवं सुदृढ बनाऊंगा। बैठक के दौरान दर्जनों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। बैठक में चमन लाल प्रसाद, अमर जाधव, राजकिशोर पांडेय, प्रेम विश्वकर्मा, अमित साव, लखन राम, बलिराम सिंह, राज किशोर सिंह, बितका बाउरी, चंदन साह, सरफराज अहमद, नईम अंसारी, कृष्णा सिंह, बलदेव राम, अंजन प्रसाद, हरी साव,अनिल कुमार, संजीव सिंह, जय सिंह, फिर्दोष अलम, शिबू महतो, सुनील महतो, दीपक कुमार, संजय करमाली, मो. मनवर आलम, रियाज आलम, चंद्रदेव करमाली, संतोष कुमार सहित दर्जनों शामिल थे।

## लंपी वायरस की रोकथाम के लिए ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** गाय, बदड़ों व बैल में संक्रमित होने वाला वायरस पतरातू प्रखंड के कई गांवों के मवेशियों पर कहर ढा रहा है। इससे मवेशी कमजोर हो रहे हैं। और दुधारु गाय कमजोर होकर दूध देना कम या बंद कर दे रहे हैं। इससे बेहाल पशुपालकों ने सोमवार को प्रमुख कौशल्या देवी और प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि लम्पी वायरस से गायों में बड़े बड़े फोड़े हो जा रहे हैं। इससे गाय कमजोर हो जा रही है। इसके रोकथाम के लिए उपाय निकाला जाए। ताकि आर्थिक रुप से कमजोर पशुपालकों को परेशानी से निजात मिल सके। और गायों को समुचित ईलाज मिल सके। इस सम्बन्ध में डॉ अशोक कुमार ने बताया कि जो लक्षण गाय में दिख रहे हैं। वे लम्पी वायरस के ही है। इसका ईलाज नहीं निकल पाया है। परंतु इसके रोकथाम के लिए हम सभी गोट पॉक्स नामक वैक्सीन का प्रयोग कर रोग को दूर रखने का प्रयास कर रहें हैं। वहीं उन्होने बताया कि लम्पी वायरस से संक्रमित गायों के दूध को उबाल कर पीने से मानव को कोई नुकसान होने की अभी तक कोई मामला नहीं आया है। उन्होने कहा कि हम सभी कोशिश कर रहे हें कि कम से कम मवेशियों में इसका संक्रमण हो और किसानों को कोई परेशानी का सासमना नहीं करना पड़े। ज्ञापन सौंपने वालों में वाहिद अंसारी, नईम अंसारी, रवि साव, शौकत खान, मकसुद आलम, कुलेश्वर राम, परमानंद राजीव, संजय कुमार, किशोर कुमार महतो, विजय मुंडा सोनामती देवी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार सीसीएल कर्मी गंभीर



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार सीसीएलकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला ओपी क्षेत्र के लोहागेट फोरलेन डार्यवर्सन सड़क पर सुबह दस बजे की है। घटना की सूचना के बाद कुजू पुलिस गंभीर रूप से घायल सीसीएल कर्मी को एंबुलेंस के माध्यम से रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार, सीसीएल कुजू क्षेत्र के नयामोड़ स्थित विक्रय केंद्र में चपरासी पद पर कार्यरत सह पुरनपनिया बोंगाहारा निवासी चंद्रदेव तूरी सोमवार सुबह दस बजे बाइक संख्या जेएच02टी-4712 पर सवार होकर घर से निकला। जैसे ही डायवर्सन के पास पहुंचा वैसे ही पीछे से आ रहे कंटेनर संख्या एनएल01एबी-3284 ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कुजू पुलिस घटना स्थल पहुंचकर घायल सीसीएल कर्मी को इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गया। जबकि दुर्घटनाग्रस्त वाहन को ओपी ले आये।

## पानमसाला गुटका की बिक्री व भंडारण पर होगी कठोर कार्रवाई : डीसी

**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त सह खाद्य सुरक्षा परामर्शी समिति अध्यक्ष अबु इमरान के अध्यक्षता में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा परामर्शी समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला खाद्य कारोबारियों द्वारा एफएसएसएआई. लाइसेंस, पंजीकरण, नमूना संग्रहण की स्थिति, नमूनों के जांच प्रतिवेदन, निरीक्षण तथा दण्ड अधिरोपण, खाद्य कारोबारियों के प्रशिक्षण, ईट राईट चैलेंज अन्तर्गत संचालित कार्यक्रम ईट राईट स्कुल अन्तर्गत संचालित कार्यक्रम, क्लीन फ्रेस फ्रुट, भेजीटेबल मार्केट अन्तर्गत कार्रवाई, हाईजिन रेटिंग अन्तर्गत कार्रवाई, प्रतिबंधित पान मसाला के संबंध में आदेश का प्रर्वतन समेत अन्य बिन्दुओं पर किये गए कार्यों की प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में आगामी त्योहारों में दीपावली, छठ को देखते हुए मिठाई एवं खाद्य पदार्थों में मिलावट में रोकथाम हेतु विशेष टीम का गठन कर छापामारी अभियान एवं सैंपल कलेक्शन कर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है। साथ ही खाद्य पदार्थों में होने वाले मिलावटो के जांच के लिए राज्य से मोबाइल फुड टेसटिंग लेबोरेटरी वैन के माध्यम से जांच करने का निर्देश दिया गया है तथा जागरूकता हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया। प्रतिबंधित पान मसाला में रजनीगंधा, पान पराग, बिमल, बहार, शिखर, दिलरूबा, राजनिवास, मुसाफिर, मधु, सेहरत, पान पराग प्रिमियम को लेकर नियमित छापेमारी चलाया जाएगा। एफएसएसएआई. द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस/पंजीकरण कि समीक्षा करते हुए कार्य में गति लाने का निर्देश दिया गया। निर्धारित मानक के आधार पर खाद्य पदार्थों के लीगल सर्विलांस सैंपल संग्रह कार्य को भी गति देने की बात कही। शहर में जाम कि स्थिति को देखते हुए फुटपाथ पर सब्जी बेच रहे विक्रेताओं को जल्द से जल्द सब्जी मार्केट में सिफ्ट कराने का निर्देश दिया। आवासीय विद्यालयों, अन्य विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में आपूर्ति किए जा रहे खाद्य पदार्थों का नियमित जांच हेतु निर्देशित किया गया। मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोईया/आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका/स्ट्रीट फूड भेंडर को फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एवं सर्टिफिकेट एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा चयनित एजेंसी द्वारा प्रशिक्षण करवाने को लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा द्वारा बताया गया कि जिले में प्रशिक्षण कार्य एवं सर्टिफिकेट वितरण कार्य की जा रही है। जिसे लेकर उपायुक्त द्वारा गति लाने को लेकर निर्देशित किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 11 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


# सरकारी शराब दुकानों में प्रिंट से ज्यादा पैसे की वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता




**बरवाडीह।** झारखंड मे शराबबंदी तो नहीं हुई लेकिन शराब दूकान में मदिरा प्रेमियों की जेब जरुर काटी जा रही है। दरअसल बरवाडीह प्रखण्ड के आदर्शनगर मोड़ पर स्थित सरकारी शराब दुकानों में शराब और बियर के निर्धारित मूल्य से अधिक के दाम वसूले जा रहे हैं। इससे शराब के शौकीनों की जेब पर अतिरिक्त बोझ तो पड़ ही रहा है। जिससे मदिरा प्रेमी काफी आक्रोशित है साथ ही सरकार को भी राजस्व क्षति पहुंच रही है। पूरी जानकारी के बावजूद आबकारी विभाग खामोश बैठा है। शराब की बोतलों और बियर के निर्धारित मूल्य से अधिक दाम वसूलने का खेल बरवाडीह मे चल रहा है। बियर का 200 रूपए व प्रिंट रेट 190 है। वही एक अन्य अंग्रेजी शराब की कीमत 520 रूपये और 540 लिया जाता है। अलग अलग ब्रांड की शराब में प्रिंट मूल्य से अधिक के दाम लिए जाते हैं। शराब के शौकीनों को मजबूरी में अधिक दाम देने पड़ते हैं। जब इस संबंध मे जानकारी ली तो संबंधित अंग्रेजी शराब दुकान के कर्मचारी नें ना हीं बाईट दी व खुद कुछ कहने से बचते नजर आये। अब देखना यह होगा की संबंधित आबकारी विभाग इस मामले पर कड़ी कार्रवाही करती है या ठंडे बस्ते में इस मामले को डाल दिया जायेगा। इस मामले में जब संबंधित विभाग के उच्चअधिकारी से जानकारी लेना चाही तो फोन पर जानकारी देने से साफ इंकार किया गया। वहीं नाम नहीं छापने के शर्त पर एक ग्राहक ल्काल्पनिक नामल महेश मिश्रा ने बताया कि हम रोज शराब लेने अंग्रेजी शराब दुकान में आते है पर हमेशा 20 रुपये अधिक लिया जाता है। परंतु एक दो बार इसे लेकर बहस भी हो गया पर आलम जस का तस है दुकानदार के द्वारा यह कहा जाता है। कि ऊपर से आदेश है। पैसा अधिक ही लगेगा लेना है तो लीजिए नहीं तो हम नयी दे पायेंगे। अब हम क्या करें। हमे इसकी जरूरत है तो मजबूरी बस लेना तो पड़ेगा न। साथ ही साथ के टेस्ट में भी बदलाव है ऐसा लगता है कि कहि इसमे मिलावट तो नही किया जाता है। पूर्व में भी अधिक पैसा लेने और शराब मे मिलावटी का मामला प्रकाश मे आया था। बताते चले कि कुछ माह पहले भी शराब मे मिलावटी का खबर प्रकाश में आया था जिसके बाद आबकारी विभाग के द्वारा कार्रवाई करते हुए हटाया गया था कांनूनी संगत कार्रवाई की गयी थी। बहरहाल फिर से वही आलम हो गया। आखिरकार किसके सह पर ये खेल खेला जा रहा है। कह पाना मुश्किल है सूत्र बताते है कि स्टाफ के ऊपर भी कई लोग है। उन तक भी अधिक पैसा जो लिया जाता उसका हिस्सा पहुंचता है। अब देखना लाजमी होगा की आखिर क्या कार्रवाई होती। या फिर शराब के शोखिनों को अपना जेब भारी करना ही पड़ेगा।

## लोहरदगा में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता अभियान चला



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** देश व जिले में पीएम मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता अभियान लगातार जारी है। स्वच्छता ही सेवा महाभियान के तहत एक ओर जिला प्रशासन एवं नगरपालिका अपना काम कर रही है। वहीं दूसरी ओर सोमवार को शहर के सेवानिवृत्त सैनिक सह समाजसेवी डॉ टी साहू ने बसारबाड़ी एवं आरएसएस कार्यालय के समीप अभियान चलाकर स्वयं ही सड़क किनारे फैली गंदगी एवं झाड़ी की कटाई करते हुए नाली की साफ-सफाई की। मौके पर स्वयंसेवक संघ सदस्यों ने बताया हम लोग निःस्वार्थ भाव से प्रतिदिन सेवा करते हैं लेकिन फिलहाल आस-पास में अधिक कचड़ा जमा हो गया है। जिसे डॉ साहू ने आज विशेष साफ सफाई का बीड़ा उठाने का कार्य किया है। हम सभी उनका आभार प्रकट करते है। उन्होंने कहा डॉ साहब खुद स्वयंसेवक हैं और वे सदैव सामाजिक कार्यो मे संलिप्त रहते है। वहीं डॉ साहू ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा अपने आस-पास खुद भी साफ सफाई करे। नगरपालिका का सहयोग करे। उन्होंने कहा साफ स्वच्छ रहने से बीमारी भी आपसे कोसो दूर रहेगा और आप स्वस्थ रहेंगे। बताते चलें कि बसारबाड़ी एनएच एवं अग्रसेन पथ से जुड़ा हुआ एवं बीच मे है। इस कलोनी के लिये नगरपालिका द्वारा लाखों की खर्च से सड़क एवं नाली का निर्माण कराया गया है।

## हिंडालको, इंटक मजदूर संगठन के साथ झारखंड श्रमिक संघ ने की बैठक



**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड के जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता के अध्यक्षता में हिंडालको कंपनी के प्रतिनिधि, बालाजी एसोसिएट के प्रतिनिधि एवं इंटक मजदूर संगठन के साथ अखिल झारखंड श्रमिक संघ (आजसू पार्टी) की एक अहम बैठक रखी गयी। लगभग 2 माह से बंद पड़े पाखर माइंस को चालू कराने को लेकर आपसी सहमति बनायी गयी। जिसमें तत्काल इंटक एवं अखिल झारखंड श्रमिक संघ के 25/25 मजदूरों को रखकर कार्य शुरू करने को लेकर आपसी सहमति बनी। बाकी बचे अखिल झारखंड श्रमिक संघ के 15 मजदूरों को जनवरी में 5 फरवरी में 5 एवं मार्च में 5 मजदूरों का बहाली कर दी जायेगी। बैठक में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, आजसू नेत्री नीरू शांति भगत, हिंडालको एचआर हेड सुधीर चौधरी, थाना प्रभारी किसको सनी कुमार, बीडीओ, हिंडालको के मनोज पांडे, अथर्वा सावंत, बालाजी के प्रतिनिधि एम के श्रीवास्तव, आजसु के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, अंजू देवी, अरविंद यादव, अखिल झारखंड श्रमिक संघ पाखर के अध्यक्ष बाबूलाल नगेसिया, इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष सोहराब अंसारी, विजय कुमार सहित सैकड़ों पाखर के मजदूर उपस्थित थे।

## जरूरतमंदों में सामग्री का वितरण



**गारु।** जिला मुख्यालय से सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित और सरकार से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित नक्सलियों का गढ़ बूढ़ा पहाड़ से सटा हुआ गांव नवाटोली में लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार पर बारेसांढ़ थाना पुलिस द्वारा ग्राम नवाटोली में जरूरतमंद लोगों को दीपावली और छठ पूजा और बदलते मौसम को देखते हुए एवं बच्चे एवं बुजर्गो और महिलाओं के बीच कंबल धोती लुंगी गमछा साड़ी चप्पल टी सर्ट कॉपी स्लेट पेन्सिल स्टोमेंट बॉक्स कलर पेन्सिल एवं पठन-पाठन का सामग्री वितरण किया गया। वही ग्रामीणो ने पुलिस अधीक्षक के इस पहल पर काफी खुश दिखेऔर पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद दिए। मौके पर बारेसांढ़ थाना प्रभारी जमील अंसारी रंजीत यादव लालचंद बेदिया सुमित यादव जाफर आलम सैट टू के बीरेंद्र कुमार पासवान समेत सैट टू के पदाधिकारी जवान एवं थाना के पुलिस मौजूद थे।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गौरी प्रसाद साहू की 15वीं पुण्यतिथि मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता



मनिका(लातेहार)। मनिका प्रखंड मुख्यालय में दिन सोमवार को स्व. गौरी प्रसाद साहू का 15वीं पुण्यतिथि उनके आवास स्थान एसबीआई रोड अंतर्गत स्थित जगपती भवन में मनायी गयी। इस अवसर पर जिले और प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने गौरी प्रसाद साहू की चित्र पर पुष्पांजलि चढ़ाकर श्रद्धांजलि दिया। पुण्यतिथि कार्यक्रम के उपरांत स्व. गौरी प्रसाद साहू की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज उनके नहीं रहने से पार्टी को अपूरणीय क्षति पहुंची है। वे जिला कांग्रेस की मजबूती के लिए हमेशा मार्गदर्शक की भूमिका रहे। मनिका प्रखंड में समाजसेवी के रूप में उनका सराहनीय योगदान रहा। याद में उनके पुत्र राजीव रंजन कुमार साहू, रंजीत कुमार साहू और सुजीत कुमार साहू के द्वारा उच्च विद्यालय मनिका के मैदान में यशकायी गौरी प्रसाद साहू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 का आयोजन किया गया। जहां फुटबॉल टूर्नामेंट में जिप सदस्य बलवंत सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, जिला सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दुबे, भाजपा नेता महेश सिंह, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि सह मनिका प्रखंड के पूर्व प्रमुख प्रमोद प्रसाद सिंह, कॉन्ग्रेस जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी, मनिका विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, लातेहार विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, कांग्रेस युवा जिला अध्यक्ष अमित बरुआ, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि पप्पू पासवान उर्फ विजेंद्र कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव, समेत अन्य ने संयुक्त रूप से बॉल को किक मार कर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने कहा कि आज स्व. गौरी प्रसाद साहू की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। खिलाड़ी हमेशा खेल को खेल की भावना से खेलें खेल से मानसिक और शारीरिक दोनों का विकास होता है। मौके पर जिप सदस्य बलवंत सिंह ने कहा कि स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष के साथ-साथ एक समाजसेवी के रूप में भी जाने जाते हैं जो लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे रहते थे।

### लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक

## कुजाम माइंस के परिचालन में आ रही परेशानियों के संबंध में हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक आंनर एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष कवलजीत सिंह की अध्यक्षता में लोहरदगा बिजली ऑफिस के समीप संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से कुजाम माइंस के परिचालन में आ रही परेशानियों के संबंध में चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की पिछले 1 महीने से कुजाम में परिचालन में काफी परेशानी हो रही है और कंपनी को कई बार अवगत कराने के बाद भी हिंडाल्को कंपनी ने इसमें सुधार नहीं किया। इसलिए बाध्य होकर एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि 15 अक्टूबर तक स्थिति में सुधार नहीं होती है तो 16 तारीख से कुजाम में चलने वाले सभी ट्रक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे क्योंकि कुजाम में खाली गाड़ी और लोड गाड़ी दोनों का कांटा कराने के कारण 3 दिन और 4 दिन में ट्रिप मिल रहा है जिसके कारण चालकों को भी काफी परेशानी हो रही है और समझौते के मुताबिक महीने में 12 ट्रिप भी नहीं मिल रहा हैं। एसोसिएशन कंपनी से मांग करती है या तो कुजाम में नया कांटा लगाया जाए या फिर पुरानी व्यवस्था में ही ट्रकों को चलाया जाये। आज की बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, अभय सिंह, रहमत अंसारी, आफताब आलम गुड्डू, इकबाल कुरैशी, शोएब अहमद, बरज सिंह, संजीव शर्मा, एन कुजूर, सरवर अंसारी, जसीम, वासुदेव महतो, वेद प्रकाश, महेंद्र प्रसाद महबूब अंसारी, मनोज गुप्ता, खुर्शीद अंसारी, मोहम्मद कैश, नीरज गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, इनामुल अंसारी, मनीष कुमार, जीतू सिंह, संजय साव, बबलू, रामधनी प्रजापति, जोगिंदर कुमार, शमशाद खान, जकरिया अंजुम, अशोक उरांव, जत्रु मुंडा, यासीन, संतोष मिस्त्री, हाशिम अंसारी, नीरज कुजुर, तारकेश्वर महतो, मुमताज आलम, मोहम्मद अमानुल्लाह, रफीक अंसारी, राजू, दीपक कुमार साहू, जवाहर अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में आनर उपस्थित थे।

## चित्रगुप्त पूजा समिति का हुआ गठन



**लातेहार।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला कार्यालय लातेहार में चित्रगुप्त पूजा को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार सिन्हा जबकि मंच संचालन आलोक रंजन ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 26 अक्टूबर को मनायी जाने वाली चित्रगुप्त पूजा हेतु समिति का गठन किया गया। इसमें विवेक कुमार सिन्हा को अध्यक्ष आलोक रंजन को सचिव वैभव कुमार सिन्हा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से ललित प्रसाद सुबोध सिन्हा संजीव कुमार नगर उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा अरविंद कुमार सिन्हा अनिकेत सिन्हा शैलेंद्र कुमार विनीत कुमार नीरज सिन्हा उदय कुमार सिन्हा अखिलेश कुमार सिन्हा मनोज कुमार नीरज कुमार एवं अनुज कुमार मंदिरवार उपस्थित थे।

## शरद पूर्णिमा पर महाआरती व भंडारे का आयोजन



लोहरदगा। शास्त्री चौक दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में दिन रविवार को शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पूजा पंडाल परिसर में महाआरती एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन में विश्व हिंदू परिषद, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति एवं जय श्रीराम समिति के संरक्षक, पदाधिकारी एवं सदस्य गण मुख्य रूप से शामिल हुए। भंडारे में मुख्य रूप से महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर शास्त्री चौक दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक ओम सिंह, मोहन दुबे, लोकेश केसरी विजय सिंह उदय केसरी भारत केसरी शिव प्रसाद साहू निकेश गुप्ता शास्त्री चौक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रोहित साहू नितेश केसरी राहुल केसरी अमर गुप्ता सुमित साहू श्वेत साहू मेनाल सिंह अवनीश केसरी जय श्री राम समिति संरक्षक श्रीमती सुषमा केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता विहिप जिला मंत्री रितेश साहू, अजय सोनी, अनूप गुप्ता ओम महतो, दयाशंकर सिंह, अजय साहू, अनिल उरांव, अनुज कुमार जिला सह कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, राकेश सिंह, राजकुमार साहू निधि गुप्ता शांति केसरी सीमा चौधरी रीमा साहू पूर्णिमा देवी प्रतिष्ठा केसरी अंजली देवी आकांक्षा कुमारी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**हेरहंज-(लातेहार)।** प्रखंड परिसर में मनरेगा कानून की धारा 17 के तहत प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मनरेगा लोकपाल संतोष पांडे ने की। मजदूर संघ ने रोजगार को लेकर मनरेगा संबंधित प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों से काफी संख्या में महिला पुरुष मजदूर शामिक हुवे। सभी मजदूरों ने गारंटी अधिनियम से संबंधित रोजगार सेवक के ऊपर आरोप लगाया कि हमारा जॉब कार्ड नही बनता है, डिमांड लगाने से हमलोगों का डिमांड नहीं लगता है जैसे आरोप लगाये। जिसपर रोजगार सेवकों ने जॉब कार्ड डिलीट होने की बात कही। नरेगा सहायता केंद्र श्यामा सिंह ने कहा कि अपने ही टोले में हीं काम करने की मांग करें। आप लोगों को दिन भर काम करने की जरूरत नही है आपलोग मनरेगा नियम के तहत जितना कार्य स्थल में करना है उतना हीं करें। जॉब कार्ड में एसटी/एससी का मामला भी आया जिसपर उन्हें आश्वस्त किया गया यह पूर्व में हुवा जिसे सुधार किया जा रहा है। वही सेरनदाग पंचायत के मजदूरों ने रोजगार सेवक पर आरोप लगाया कि मुझे काम करने के लिए पांच किलोमीटर से ज्यादा दूरी मजदूरी करने के लिए भेजा जाता है।

जिसपर लोकपाल श्री पांडे ने फटकार लगाते हुवे उन सभी मजदूरों को भत्ता दें नहीं तो उन्हें उसी टोले में काम दें।

## बैडमिंटन चैंपियनशिप 14 से शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में राज्य स्तरीय अंडर 11 एवं अंडर 13 बालक-बालिका बैडमिंटन चैंपियनशिप सह चयन प्रतियोगिता 2022 का आयोजन स्थानीय एमएलए कॉलेज लोहरदगा में 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2022 तक आयोजित किया जायेगा। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की आवश्यक बैठक आयोजित कर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्य दायित्व का बंटवारा किया गया। चयन प्रतियोगिता के सभी खेल एम एल ए कॉलेज के कोर्ट में ही आयोजित की जायेगी और सभी खिलाड़ियों के आवासन की व्यवस्था जिला परिषद के डाक बंगला में की जायेगी। खिलाड़ियों के लिए भोजन की व्यवस्था शिव कुमार भगत, गणेश पांडेय, उत्तम शर्मा, सतीश चंद्र उरांव, निबंधन व्यवस्था नसीम अख्तर, मुरारी गोस्वामी, पुरस्कार व्यवस्था राकेश शर्मा, मुरारी गोस्वामी, नसीम अख्तर, छपाई व्यवस्था राहुल कुमार, अरुण राम, स्टेशनरी व्यवस्था नसीम अख्तर, मीडिया प्रभारी अरुण राम, राहुल कुमार, निमंत्रण वितरण प्रभारी प्रवीण कुमार पटेल, किशोर कुमार वर्मा, राहुल साहू, अखिलएलेक्स कुजूर, फील्ड व्यवस्था मलय दत्ता, रंजीत साहू, राकेश शर्मा, दिनेश पांडेय, विनोद उरांव, दुबराज यादव, राज्य कमेटी सहित सभी का सकारात्मक सहयोग प्राप्त हो रहा है। नीरज खत्री, खेल स्थल में चाय बिस्कुट पानी व्यवस्था रंजीत साहू, राहुल साहू, अखिल एलेक्स कुजूर, पर्दा व्यवस्था गुलाम मुतुर्जा को जिम्मेवारी दी गयी।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन



**लोहरदगा।** सदर अस्पताल लोहरदगा परिसर में सोमवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व मानसिक स्वास्थ्य पखवाड़ा 08 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक मनाया जाना है। सिविल सर्जन डॉ. संजय कुमार सुबोध ने मानसिक तनाव से बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए हमेशा मन में सकारात्मक सोच रखें। मानसिक रोग के आम लक्षण जैसे उदासी, चिड़चिड़ापन आत्मविश्वास की कमी, घुटन महसूस करना, आत्महत्या के विचार आना, बहुत ज्यादा उत्तेजित होना, लगातार बोलना, ज्यादा खर्च करना, नींद की कमी, अपमान होना, ज्यादा शक करना, सशंकित रहना, अकेले में बुदबुदाना, कान में काल्पनिक आवाज सुनाई देना आदि व उससे निजात पाने के उपाय की जानकारी दी गयी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक नाजिश फहिम अख्तर ने कहा कि पखवाड़े के तहत जिले के विभिन्न संस्थानो जैसे विद्यालय, बाल संप्रेषण गृह, बालिका गृह, वृद्ध आश्रम इत्यादि में तनाव प्रबंधन कार्यक्रम के अलावा अलग-अलग विद्यालयों में व महाविद्यालयों में सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में डॉ शंकर प्रसाद उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, डीपीए आलोक गुप्ता, एफएलसी गौरव डीन, डीपीसी सतीश तिर्की मौजूद थे।

## कैरो में सुंगारी पहाड़ जतरा का आयोजन



**कैरो/लोहरदगा।** जिला के कैरो प्रखंड में स्थित विशाल सूंगारी पहाड़ में आयोजित किया गया जतरा यह जतरा इसलिए भि मशहूर है क्योंकि या पहाड़ के सैकड़ों मीटर की ऊंचाई पहाड़ की चोटी पर आयोजित किया जाता है कैरो प्रखंड के साढाबे गांव में यह पहाड़ हैं जिसे सुंगारी पहाड़ के नाम से जाना जाता है जो लोहरदगा से महज 20 किलोमीटर दूर है गांव में प्रत्येक वर्ष इसी तरह जतरा का आयोजन पहाड़ की चोटी पर किया जाता है जहां हजारों लोग दूर-दूर से पहाड़ में जतरा देखने के लिए आते हैं इस दौरान आदिवासी समाज के लोग मांदर की थाप पर थिरकते दिखे।

## निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय से महज 100 मिटर दूर बस स्टैंड स्थित जीवन हॉस्पिटल में निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसका चिकित्सक डॉ अनुज कु पाठक के द्वारा शुभारंभ फिता काटकर की गयी। अंधापन नियंत्रण एवं कल्याण एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सुविख्यात चिकित्सक सह समाजसेवी डॉ. अनुज कुमार पाठक प्रबंधक आलोक सिंह असिस्टेंट कुणाल पांडे के सौजन्य से जीवन हॉस्पिटल बरवाडीह में पहली बार निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर शुरू किया गया है। सोमवार को दर्जनों लोगों का सफल लेंस प्रत्यारोपण के पश्चात उन्हें चश्मा, दवा तथा कंबल देकर विदा किया गया। आंख के बिना जीवन की कल्पना अधूरी मौके पर उपस्थित डॉ. अनुज कुमार पाठक ने कहा कि मनुष्य के शरीर में आंखें सबसे महत्वपूर्ण इंद्रिया है, आंख के बिना जीवन की कल्पना भी अधूरी है। बढ़ती उम्र के साथ आंखों में मोतियाबिंद होना आम बात है।

### झारखंड में एक-एक पदाधिकारी को मिला है चार-छह रेंज का अतिरिक्त प्रभार

# जिस वजह से जंगलों में कार्य प्रभावित हो रहा है

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ।** वन, पर्यावरण व क्लाइमेट चेंज विभाग में वन क्षेत्र पदाधिकारियों (रेंजर) की भारी कमी करीब दो, तीन वर्षो से हो गयी है। पदाधिकारियों की कमी के कारण ग्रास रूट स्तर पर झारखंड के बालूमाथ, चंदवा, लातेहार, मनिका हेरहंज जंगलों में कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं, एक-एक पदाधिकारी को अपने कार्यों के अतिरिक्त चार -छह रेंज का अतिरिक्त प्रभार देकर किसी प्रकार विभाग में काम चलाया जा रहा है। उधर, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) ने सरकार के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिख कर विभाग में सेवानिवृत्त होनेवाले रेंजरों को तीन वर्षो का अवधि विस्तार देने का आग्रह पूर्व मे किया था। ताकि विभागीय कार्यों का संचालन होता रहे। पीसीसीएफ के पत्र के मुताबिक, विभाग में रेंजर का कुल 383 पद स्वीकृत हैं। इसके विरुद्ध वर्तमान में सिर्फ 85 (22.19%) अधिकारी कार्यरत हैं, जबकि 298 पद खाली हैं। इतना ही नहीं दिसंबर 2022 तक 23 रेंजर, वर्ष 2023 में 23, वर्ष 2024 में 17 व वर्ष 2025 में 19 रेंजर सेवानिवृत्त हो जायेंगे। एक जनवरी 2026 को विभाग में सिर्फ 17 रेंजर बच जायेंगे। पीसीसीएफ ने राज्य सरकार से आग्रह किया था कि निकट भविष्य में सेवानिवृत्त होनेवाले वन क्षेत्र पदाधिकारी, जो सेवा अवधि विस्तार के इच्छुक हों, को सेवा स्वच्छता के आलोक में उनकी सेवा अवधि को एक से तीन वर्षों तक विस्तार करने पर विचार किया जा सकता है। नियुक्ति की प्रक्रिया में लग जायेंगे तीन वर्ष वन क्षेत्र पदाधिकारियों की नियुक्ति नियमावली वर्ष 2018 में अधिसूचित है, लेकिन सीधी भर्ती नियुक्ति की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हो पायी है। पीसीसीएफ का कहना है कि यदि नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ होती है।

### रेंजरों के जिम्मे है महत्वपूर्ण काम

**वन भूमि में अवैध पातन, खनन, अतिक्रमण, परिवहन आदि की रोकथाम करना, वन संरक्षण अधिनियम, भारतीय वन अधिनियम के आलोक में ससमय आवश्यक विधिक कार्रवाई करना, मानव-वन्य प्राणी द्वंद्व को कम करने के लिए कार्रवाई करना, विकास कार्यों को संपादित व क्षेत्र के बेरोजागारों को रोजगार के अवसर पैदा करना जैसे महत्वपूर्ण काम रेंजरों को करना होता है। क्षेत्र के विकास के लिए स्वीकृत योजनाओं के तहत रेंजर बड़ी राशि खर्च करते हैं।**

# डीलर के गाली गलौज से ग्रामीण परेशान : मिशन बदलाव



**लगभग 150 ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन उपायुक्त एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम सौंपने का लिया गया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव का गांव चलो गांव बदलो अभियान के तहत चन्किया बरला सह वार्ड सदस्य के द्वारा कामडारा प्रखंड के कोनशा पंचायत के आरहरा गांव का दौरा किया गया। ग्रामीणों ने चन्किया बरला मिशन बदलाव सलाहकार समिति सदस्य को बताया कि गांव में शांति महिला मंडल के द्वारा जो अनाज का वितरण किया जाता है वो हमेशा तीन किलो काट कर दिया जाता है। जब कभी ग्रामीणों के द्वारा विरोध किया जाता है तो डीलर ग्रामीणों को धमकियां भी देते हुए कहता है कि आप लोग जो करना है किजीये और ग्रमीणों के साथ अभद्रतापूर्ण व्यहार भी करता है। पूरे ग्रामीणों के द्वारा उपायुक्त एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी इन सभी मामलों को लेकर आवेदन दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि डीलर हमेशा कहता है कि नीचे से ऊपर सभी को हमको देना पड़ता है। इसलिये कटौती किया जाता है। ग्रमीणों ने बताया कि आज तक डीलर कभी गांव में सही समय पर अनाज का वितरण नहीं करता है। राशन वितरण को लेकर जब कभी गांव वाले कुछ भी बोलते हैं तो भड़क जाता है और हमेशा दबंगई दिखाता हुए। कहता है जो करना है करो।

बैठक में ये सभी ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन प्रखंड कार्यालय को भी सौंपने के लिए दिया। जिसमें सभी ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। संजीत हेमरोम, सुशीला हेमरोम, रामकिशोर चिक बड़ाईक, पड़वा बरला, सिलमनी बरला, फागुन बरला एवं अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

## बैठक : टाना भगतों के उत्थान के लिए सरकार चला रही है विभिन्न योजनाएं

# चयनित बच्चों का होगा शत प्रतिशत रक्षा शक्ति विवि में नामांकन : डीसी

**डीसी ने की टाना भगत विकास समिति की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** टाना भगत विकास समिति की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन उपायुक्त सभाकक्ष में किया गया। उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में टाना भगत समुदाय के उत्थान हेतु किए गए कार्यों की गहन समीक्षा की गई। साथ ही उपायुक्त ने टाना भगत समुदाय के लोगों एवं ग्रामों के विकास हेतु विभिन्न योजनाओं से जोड़ते हुए उनके उत्थान हेतु कार्य करने का निर्देश दिया।

टाना भगत समुदाय के चयनित बच्चों को शत प्रतिशत रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में नामांकन कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने टाना भगत समुदाय के 10वीं तथा 12वीं के बच्चों को चिन्हित करते हुए उनके कौशल विकास हेतु पॉलीटेक्निक कॉलेज एवं आईटीआई कॉलेज में एडमिशन कराने की बात कही। जिले के सभी 17 रक्षा शक्ति विद्यालयों में साइकिल एवं टिफिन बॉक्स का वितरण किया जा रहा है। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि अब तक लगभग 150 टाना भगत के परिवारों को विभिन्न आवास योजना से आच्छादित किया गया है। जिसपर उपायुक्त ने सभी टाना भगत समुदाय को जांचोंपरांत उन्हें योजना से जोड़ते हुए आवास का लाभ दिलाने को कहा। टाना भगतों को आवंटित पांच ट्रैक्टरों का उनके द्वारा किए जा रहे इस्तेमाल को देखते हुए टाना भगतों को ट्रैक्टर से अधिक से लाभ दिलाने के लिए सभी संबंधित विभाग द्वारा आवश्यक ट्रेनिंग व सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने डिस्ट्रिक्ट मैनेजर एसएमआईबी को 40 टाना भगत एसएचजी का गठन करते हुए अपर समाहर्ता को सूचित करने का निर्देश दिया। जिन्हें ऑर्गेनिक फार्मिंग, पशु पालन, मिनी ट्रेक्टर जैसे योजनाओं से जोड़ कर उनके आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने हेतु सहायता की जाएगी। उपायुक्त ने सभी टाना भगत समुदाय के परिवारों को रवि की खेती अथवा दूसरी खेती करने को सलाह दी।टाना भगत के परिवार जनों को कृषि के क्षेत्र से अधिक से अधिक लाभ मिले इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए उन्हें आवश्यक ट्रेनिंग, बीज वितरण, ड्रिफ्ट इरिगेशन हेतु राशि का वितरण, मसूर/ चना/ सरसो आदि के बीज का वितरण, गया/मत्स्य/मुर्गी पालन आदि से जोड़ते हुए उन्हें हैंडहोल्ड सपोर्ट करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने एचडीपीई पाइप योजना से अधिक से अधिक से अधिक टाना भागतों के समुदाय को जोड़ने का निर्देश दिया। टाना भगत के समुदाय के बच्चों को कल्याण गुरुकुल में ट्रेनिंग दिलवाते हुए रोजगार के मार्ग को शसक्त कराने का निर्देश दिया। समुदाय शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थित विद्यालयों में दर्ज कराने की बात कही। उन्होंने कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में बच्चियों का एडमिशन करवाने को भी कहा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### एसडीओ ने की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में एसडीओ संजय पीएम कुजूर की अध्यक्षता में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बसिया प्रखंड स्तरीय टीम की बैठक की गयी। इस बैठक में आगामी 12 अक्टूबर से आयोजित आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में एसडीओ द्वारा उपस्थित सभी बैंक प्रबंधक, मुखिया, रोजगार सेवकों समेत सभी कर्मियों को निर्देश दिया गया कि सभी अपने स्तर पर अधिक से अधिक प्रचार प्रसार और तैयारी करें ताकि शिविर का अधिक से अधिक लाभ जनता ले सके। इस बैठक में बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, सीओ रविन्द्र पांडेय, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विजय लकड़ा, सुपरवाइजर डेजी कुजूर, बैंक प्रबंधक जयकिशुन गुप्ता, मुखिया गुलशन टेटे, अमृता देवी समेत पंचायत के मुखियागण, बैंक प्रबंधक, प्रखंड सह अंचलकर्मी, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक आदि उपस्थित थे।

### बसिया प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुल्लू व सनातन होरो बने सचिव



**बसिया (आजाद सिपाही)।** सोमवार को रेफरल अस्पताल के समीप स्थित किसान भवन में प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रखंड के सोनमेर निवासी राजेश कुल्लू को प्रखंड युवा कांग्रेस के युवा प्रखंड अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। इसके साथ ही बसिया के पंचायत समिति सदस्य उदित टोप्पो को उपाध्यक्ष और सनातन होरो को युवा कांग्रेस के सचिव के रूप में चयन किया गया। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी, अभय चौधरी, मुंतजीर खान, जेडी नायक, उदित टोप्पो, सनातन होरो, याबेश डुंगडुंग, दीपक केरकेट्टा, फुलजेम्स कुल्लू, मालखन साहू समेत अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संजय कुमार पांडेय बनाये गये जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सीता पुष्पा ने प्रभार सौंपा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी गुमला सीता पुष्पा ने नगर परिषद्, गुमला के कार्यपाल पदाधिकारी, संजय कुमार को कार्यभार सौंपा। विदित हो कि उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव ने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् श्री संजय कुमार ने सोमवार को जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, गुमला का प्रभार ग्रहण किया। इस मौके पर संजय कुमार ने कहा कि जिला जनसंपर्क कार्यालय को व्यवस्थित और सुचारू ढंग से चलाने के लिए यह दायित्व उन्हें सौंपा गया है उन्होंने आशा व्यक्त किया कि अपने कार्य और दायित्व निर्वाह के बल पर वह जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।मौके पर एलिना दास, जनसम्पर्क कार्यालय के प्रधान लिपिक स्वाति तिर्की, रामलखन कुमार, दिवाकर साहू, मोहम्मद फिरोज, मंगनी देवी आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# कांग्रेस पार्टी ही देश का भविष्य है : रमेश

**पालकोट में जिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट।** कांग्रेस कमेटी की बैठक स्थानीय बाजार टांड़ में हुई। अध्यक्षता नवनियुक्त अध्यक्ष विकास गुप्ता ने की। जिसमें पालकोट प्रभारी के रूप में जिला के वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि आने वाले 2024 में कांग्रेस की सरकार बननी निश्चित है। चूंकि कांग्रेस ही भविष्य है। देश की जनता भी जान चुकी है कि कांग्रेस के राज में ही उनका भला हो सकता है। मोदी सरकार के कार्यकाल में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी बढ़ गई है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा 7 सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई है। यह 3500 किमी लंबी, 150 दिवसीय नॉन-स्टॉप पदयात्रा होगी, जो देश भर के 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेश को कवर करेगी। साथ ही बताया कि पहली बार कांग्रेस मंडल स्तर पर कमेटी गठित कर रही है। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए प्रखंड स्तरीय कमेटी को मजबूत करने की बात कही। साथ ही कहा कि आगामी चुनाव के मद्देनजर अपनी पहुंच आम आदमी तक रखें ताकि समय पर उनकी मांगों और जरूरतों को उचित पटल पर पहुंचाया जा सके। इस दौरान चीनी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के संबंध में भी वार्ता की। मौके पर सत्यनारायण केसरी, केश्वर सिंह, जैल्स लकड़ा, निर्मल मिंज, सुजीत उरांव, राधेश्याम ग्वाला, संजय कुमार, विक्टोर खाखा, राजू खड़िया, अनूज सोरेंग, चिरस लकड़ा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बीडीओ ने पत्र जारी किया

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड के 18 पंचायतों में झारखंड सरकार द्वारा निर्देशित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने पत्र जारी किया। बीडीओ ने बताया कि आगामी 12 अक्टूबर से 14 नवंबर तक कार्यक्रम सभी पंचायतों में किया जाएगा। इस निमित 12 अक्टूबर को दिरगांव, 13 अक्टूबर को बीमारला, 14 अक्टूबर को आदर, 15 अक्टूबर को सरांगो, 17 अक्टूबर चुंदरी, 19 अक्टूबर को नवडीहा, 20 अक्टूबर को देवाकी, 21 अक्टूबर को घाघरा, 22 अक्टूबर को कुगांव, 1 नवंबर को रुकी, 2 नवंबर को सेहल, 3 नवंबर को शिवराजपुर, 5 नवंबर को चपका, 7 नवंबर को बदरी, 9 नवंबर को बेलागड़ा, 10 नवंबर को कोहीपाट, 12 नवंबर को डुको, 14 नवंबर को आरंगी पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं बीडीओ ने पंचायत के मुखिया और पंचायत सेवक को कार्यक्रम की तैयारी में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति को लेकर जागरूकता और प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।

### सांसद, विधायक एवं जिप अध्यक्ष ने किया सड़क निर्माण का शिलान्यास



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 9 करोड़ 22 लाख 63 हजार की लागत से बनने वाली रेड़वा से ओलमुंडा तक 15.5 किलोमीटर सड़क का शिलान्यास सोमवार को सांसद सुदर्शन भगत, विधायक जिग्गा सुसारण होरो व जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा ने संयुक्त रूप से किया। सांसद ने कहा कि क्षेत्र के विकास में सड़कों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। रेड़वा से ओलमुंडा तक की सड़क हजारों ग्रामीणों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण व उपयोगी होने के बाद भी काफी जर्जर थी। ग्रामीणों की समस्या व मांग को देखते हुए सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने संवेदक कुलशयन कन्स्ट्रक्शन को एकरानामे के अनुसार गुणवत्तापूर्ण व निर्धारित समय एक वर्ष में सड़क निर्माण कर विभाग को समर्पित करने का निर्देश दिया। वहीं निर्माण कार्य में अनियमितता पाये जाने पर संबंधित सभी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की बात कही। मौके पर राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अनिल साहू, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप चन्द्र अधिकारी, कार्यपालक अभियंता बीडी राम, लक्ष्मी यादव, सुमित महली, बसन्त यादव, चरवा उरांव, संजय महतो, लालमोहन साहू, कृष्णा उरांव, शशिकांत साहू, संवेदक सहित कई लोग उपस्थित थे।

# समाजसेवी विजेंद्र उरांव के विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी पर सुलह समझौता के लिए हुआ विचार विमर्श



**सिसई (आजाद सिपाही)।** पुसो पंचायत के ग्रामीणों ने सोमवार को पुसो बाजार टांड़ में मुखिया सोमा उरांव की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक में समाजसेवी विजेन्द्र उरांव के विरुद्ध पंचायत समिति सदस्य पुसो सुषमा उरांव के द्वारा करायी गयी प्राथमिकी पर सुलह समझौता को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान विजेन्द्र उरांव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने वाली सुषमा उरांव अपने पति जितेन्द्र उरांव के साथ उपस्थित होकर बीते दिनों विजेन्द्र के द्वारा नशे की हालत में की गयी बदसलूकी की जानकारी उपस्थित लोगों को दी। जिस पर सभी ने विजेन्द्र के द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की निन्दा करते हुए पूर्व में विजेन्द्र उरांव के किए सामाजिक कार्य व उनके अच्छे आचरण का हवाला देकर एक बार उसे माफ करते हुए पंसस से प्राथमिकी वापस लेने का सभी ने आग्रह किया। इस पर बैठक में उपस्थित लोगों से सुषमा ने सोचने समझने के लिए दो दिनों का समय देने की बात कही। बैठक में जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, उप प्रमुख निलेश उरांव, भाजपा पुसो मंडल अध्यक्ष सुमित महली, सिसई मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण ओहदार, दिनेश राम, कृष्ण मुरारी पाठक, सुधा देवी सहित पंचायत के प्रबुद्ध जन सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# समृद्धि ऑटोमोबाइल के प्रोपराइटर ने यूनिवर्सल होंडा रांची के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया

**आर्थिक नुकसान पहुंचाने एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** होंडा शो रूम संचालक व समृद्धि ऑटोमोबाइल के प्रोपराइटर संदीप कुमार साहू ने होंडा डीलर यूनिवर्सल होंडा रांची के मालिक निशांत सिंह पर धोखाधड़ी कर पैसा हड़पने, आर्थिक नुकसान पहुंचाने एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप में सोमवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वे पिछले आठ वर्ष से यूनिवर्सल होंडा के साथ जुड़कर होंडा की गाड़ियों के सर्विस एवं कमिशन पर गाड़ियों की बिक्री का कार्य करते हैं। होंडा डीलर निशांत सिंह ने अच्छी मुनाफा कमाने का झांसा देकर नौकरी छुड़वाया और दस लाख लगवाकर होंडा की गाड़ियों का कारोबार शुरू कराया। परंतु कुछ ही वर्ष बाद और पैसा लगाने का दबाव बनाने लगा। जिसमें अलग-अलग समय में और पंद्रह लाख सहित इस धंधे में कुल पच्चीस लाख रुपये का निवेश किया। इसके बावजूद डीलर कभी भी सही तरीके से पार्ट्स एवं गाड़ियां उपलब्ध नहीं कराया। तंग आकर मैंने क्षेत्रीय प्रबंधक कोलकाता को लिखित शिकायत दर्ज करायी। शिकायत से खफा डीलर मेरे समृद्धि ऑटोमोबाइल को बंद कराने की साजिश रच रहा है। यही नहीं, समृद्धि ऑटोमोबाइल के अकाउंट लेजर में भी निशांत सिंह ने भारी गड़बड़ी कर लगभग तीन लाख रुपये का गबन कर लिया है। संदीप ने आवेदन में कहा है कि डीलर द्वारा मुझे वर्ष 2021-22 में मेल किए गये अकाउंट लेजर में मेरा शुरुआती बैलेंस दो लाख 54 हजार रुपए था। इससे सबंधित मेल मुझे पांच बार किया गया, परंतु बाद में अचानक इस रुपये को गायब कर दिया गया। इसी प्रकार इनके द्वारा वापस किए गए एक्टिवा 5 जी गाड़ी के एवज में इनके अकाउंट में सिर्फ 21065 रुपये जोड़ा गया। जबकि इस गाड़ी को डीलर ने 57179 रु. में दिया था। इस प्रकार डीलर ने मेरा करीब 02 लाख 90 हजार रुपये का गबन किया और बार-बार शोरूम को बंद कराने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है।

## भरनो में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भरनो (आजाद सिपाही)।** करंज थाना अंतर्गत करौंदाजोर छापरटोली निवासी पौलुस कुल्लू 21 वर्ष ने बीती रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार पौलुस अपने कमरे में चला गया और कमरे को बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के घर वालों ने बताया कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी।

## वृद्धा ने बेटे-बहुओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चाईचुई मुहल्ला निवासी 70 वर्षीय विधवा चिंता देवी ने अपने बेटे व बहुओं के विरुद्ध सोमवार को केस दर्ज कराया है। बेटे रंजीत साहू (40), शेखर साहू (35), बहू उषा देवी व संजू देवी को आरोपी बनाया है। दर्ज केस में कहा गया है कि वह अकेले रहती है। हमेशा बेटे व बहुओं के द्वारा उसके साथ मारपीट, गाली गलौज व धमकी दी जाती है। वहीं घर में रखे रुपये को भी इन लोगों के द्वारा चोरी कर लिया गया है।

### प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक में पार्टी को सशक्त बनाने का निर्णय



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** सोमवार को रायडीह प्रखंड के पुराना प्रखंड परिसर स्थित रंगमंच में प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष इस्माइल कुजूर की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड प्रभारी मो. आशिक अंसारी उपस्थित हुए। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को सशक्त बनाने का कार्य किया जाएगा। महागठबंधन सरकार द्वारा किये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर उनका लाभ दिलाना हमारी प्राथमिकता होगी। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि चुमनू उरांव, छात्र कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष वारिस खान, बीस सूत्री सदस्य अनिल साहू, जानकी देवी, बशीर राय, नागेश्वर उरांव, श्वेता उरांव, शकीर खान, कुर्बान राय, सेराज शाह, प्रताप एक्का और अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पूर्व मुखिया व उपमुखिया के प्रयास से तमिलनाडु में बंधक बना मजदूर पत्नी और बच्चों के साथ घर लौटा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चुंदरी पंचायत के हापामुनि रायटोली निवासी तमिलनाडु में बंधक मजदूर भोला उरांव, पत्नी एवं बच्चे अपना घर चुंदरी के पूर्व मुखिया आदित्य भगत और उपमुखिया अजित मणि पाठक की मदद से वापस आया। घटना के बाबत पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने बताया कि विगत 8 सितंबर 2022 को बिहार का एक ठेकेदार तमिलनाडु तिरुपुर जिला, कंपनी पलाडराम में काम करने के लिए पति-पत्नी और बच्चों को ले गया था। ठेकेदार अपना कमीशन लेकर वहां से चला आया। बाद में मजदूर को प्रताड़ना, मारपीट, एवं बंधक बना कर रखा जाता था और कार्य कराया जाता था। किसी तरह भोला उरांव ने ग्राम पंचायत चुंदरी के पूर्व मुखिया आदित्य भगत, उप मुखिया अजीत मनी पाठक से दूरभाष पर संपर्क किया। कंपनी के मुंशी से बात हुई तो मुंशी के द्वारा मजदूर को नहीं छोड़े जाने की बात कही गयी। कंपनी के मालिक से बात करने के उपरांत काफी मशक्कत एवं वहां अन्य लोगों से संपर्क कर कंपनी में भेजा गया। तब जाकर कंपनी से मजदूर को छोड़ा गया और ट्रेन के माध्यम से मजदूर पत्नी व बच्चों के साथ सोमवार को घर पहुंचा।

## निरीक्षण : नप कार्यपालक पदाधिकारी ने कौशल विकास भवन तथा आश्रय गृह का किया निरीक्षण, कहा

# लोकहित के उपयोग में लायी जायेगी सरकारी संपत्ति



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने सोमवार को अपने नगर मिशन प्रबंधक, कनीय अभियंता गण तथा कार्यालय सहायकों के साथ खड़िया पाड़ा स्थित कौशल विकास केंद्र के भवन तथा आश्रय गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि कौशल विकास केंद्र भवन को अराजक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। वहीं आश्रय गृह में भी प्रथम द्दष्टया अनियमितता पायी गयी।

इस पर नगर मिशन प्रबंधक राहिल डुंगडुंग तथा कनीय अभियंता मनीष कुमार व अंजिता कॉरन्या लकड़ा को मौजूदा वस्तुस्थिति का विस्तृत प्रतिवेदन संयुक्त रूप से देने हेतु निर्देशित किया गया।

संजय कुमार ने बताया कि आगामी बोर्ड बैठक में इन दोनों भवनों के बेहतर रखरखाव को लेकर आवश्यक निर्णय लिए जायेंगे।

भ्रमण के दौरान कनीय अभियंता मनीष कुमार, रौनक पांडे, अनिल कुमार, सुमित कुमार आदि भी मौजूद थे।

### शहरी क्षेत्र में व्यवसाय करने के लिए व्यापार अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य : ईओ

**गुमला (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र में सर्वेक्षण के अनुसार कुल 1832 दुकानदार/व्यवसाई चिन्हित हैं। मगर सिर्फ 1018 दुकानदारों ने ही ट्रेड लाइसेंस लिया है। शहर में आज भी 814 दुकानदार ऐसे हैं जिन्होंने कभी ट्रेड लाइसेंस लिया ही नहीं। कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने अपनी कर संग्रह एजेंसी स्पैरो के माध्यम से ये सर्वेक्षण करवाया जिसके बाद ये आंकड़े सामने आये। उन्होंने कहा कि इन सभी 814 लोगों को नोटिस किया जा रहा है। बताया कि शहरी क्षेत्र में कोई भी विधि मान्य व्यवसाय करने के लिए संबंधित नगर निकाय से व्यापार अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य होता है। बिना लाइसेंस व्यवसाय करने वाले लोगों को चिन्हित कर लिया गया है, इन सभी पर नियमानुसार कार्यवाही की तैयारी की जा रही है।

